दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



गणेश जी की तरह तुम भी बनो गुणवान ........

# अमन लेखनी

बहाने पर बहाना ....



वर्ष : 09 | अंक : 282 | लखनऊ, 16 सितम्बर, शनिवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**



अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g


सेंसेक्स 64,948.66

19,310.15

# उत्तर प्रदेश : हड़ताल समाप्त, उच्च न्यायालय और अधिकतर जिला अदालतों में अधिवक्ता काम पर लौटे

एजेंसी

**लखनऊ,** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और राज्य विधिज्ञ परिषद (बार काउंसिल) उत्तर प्रदेश ने बृहस्पतिवार रात को मुख्य सचिव से वार्ता के बाद हड़ताल वापस ले ली जिसके बाद शुक्रवार को करीब 15 दिन बाद अधिवक्ता काम पर लौट आये। हालांकि, हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण/ निलंबन समेत अपनी मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार जारी रखा। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने पीटीआई भाषा को बताया कि शुक्रवार सुबह प्रयागराज में हुई संगठन की बैठक में न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय सर्वसम्मति से वापस ले लिया गया।उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में अधिवक्ताओं ने काम शुरू कर दिया है।





प्रयागराज, कानपुर, वाराणासी समेत कई जिलों में अधिवक्ता शुक्रवार से काम पर लौट आए हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में भी वकीलों ने शुक्रवार से कार्य शुरू कर दिया। वहीं, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्णय को अनदेखा करते हुए हापुड़ बार एसोसिएशन ने 29 अगस्त को महिला अधिवक्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार और लाठीचार्ज के विरोध स्वरूप हड़ताल जारी रखी है। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर कथित लाठीचार्ज को लेकर उत्तर प्रदेश के वकील 30 अगस्त से हड़ताल पर थे। पुलिस ने 29 अगस्त को हापुड़ में वकीलों पर कथित तौर पर लाठीचार्ज किया था, जब वे एक महिला वकील और उसके पिता के खिलाफ मामला दर्ज करने का विरोध कर रहे थे।

महिला वकील और पुलिस के बीच टकराव उस समय हुआ था जब वह अपनी कार में गाजियाबाद जा रही थी। हापुड़ बार एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बार काउसिंल ने हापुड़ बार एसोसिएशन के पीडित अधिवक्ताओं को बिना विश्वास में लिये बीती रात मनमाने ढंग से आंदोलन समाप्ति का निर्णय पारित कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य विधिज्ञ परिषद (बार काउंसिल) उत्तर प्रदेश के इस निर्णय से समस्त अधिवक्ता समुदाय खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। शर्मा ने कहा कि हापुड़ बार एसोसिएशन इससे सहमत नहीं है तथा प्रदेश स्तर पर बार एसोसिएशन द्वारा हमारे आंदोलन को निरन्तर सहयोग दिया जा रहा है।

अधिवक्ता प्रियंका त्यागी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक हमें सरकार द्वारा उन पुलिस वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता, जिन्होंने हापुड में वकीलों पर लाठीचार्ज का आदेश दिया था। त्यागी की कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी के साथ बहस हुई थी, जिसके बाद हापुड़ अदालत परिसर में हाथापाई हुई और इसके परिणामस्वरूप वकीलों पर पुलिस ने कार्रवाई की। उन्होंने दावा किया, हड़ताल को समर्थन देने के लिए विभिन्न जिलों से अधिवक्ता हापुड़ पहुंच रहे हैं। कानपुर में लायर्स एसोसिएशन के महासचिव शरद शुक्ला ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वकील काम पर लौट आये हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पिछले दो सप्ताह से हड़ताल पर रहे वकीलों की सभी मांगें स्वीकार करने के बाद ही विधिक कार्य फिर से शुरू किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने देश की प्रगति में योगदान के लिए अभियंताओं की सराहना की



एजेंसी

**नई दिल्ली,** अभियंता दिवस तत्कालीन मैसूर साम्राज्य के दीवान एम विश्वेश्वरैया की जयंती के मौके पर मनाया जाता है, जिन्हें इंजीनियरिंग क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्यों के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अभियंता दिवस (इंजीनियर्स डे) पर अभियंताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनका नवोन्वेषी मस्तिष्क और अथक समर्पण देश की प्रगति की रीढ़ है। अभियंता दिवस तत्कालीन मैसूर साम्राज्य के दीवान एम विश्वेश्वरैया की जयंती के मौके पर मनाया जाता है, जिन्हें इंजीनियरिंग क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्यों के लिए जाना जाता है। विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितंबर 1861 में हुआ था, उन्हें 1955 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया था। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इंजीनियर दिवस पर सभी मेहनती इंजीनियरों को बधाई ! उनका नवोन्मेषी मस्तिष्क और अथक समर्पण हमारे देश की प्रगति की रीढ़ रहा है। अवसंरचनात्मक चमत्कारों से लेकर तकनीकी सफलताओं तक, उनका योगदान हमारे जीवन के हर पहलू को छूता है।

## संक्षिप्त समाचार

### छह वर्षीय बेटे ने दी शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह को अंतिम विदाई

**नई दिल्ली,** कर्नल मनप्रीत सिंह के छह वर्षीय बेटे कबीर ने सेना की वर्दी पहनकर शहीद पिता को अंतिम विदाई दी और जय हिंद पापा कहा। कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सर्वोच्च बलिदान देने वाले कर्नल सिंह का शुक्रवार को पंजाब के मोहाली जिले में उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद मेजर आशीष ढोचक को पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ हरियाणा के पानीपत के उनके पैतृक गांव में हजारों लोगों ने नम आंखों के साथ अंतिम विदाई दी। शहीद मेजर ढोचक की अंतिम यात्रा में उनके शोक संतप्त परिवार के साथ-साथ सेना के अधिकारी भी मौजूद थे। कर्नल सिंह के भरौंजियन गांव स्थित घर में सुबह से ही शोक मनाने वालों का तांता लगा जो उनकी गमगीन पत्नी, मां और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अंतिम यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सेना के एक अधिकारी को कबीर को गोद में लिए हुए देखा गया जबकि परिवार और अन्य लोग उन्हें अंतिम विदाई दे रहे थे। एक रिश्तेदार ने उनकी दो वर्ष की बेटी बन्नी को गोद में ले रखा था। कबीर को बाद में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपने पिता के तिरंगे में लिपटे ताबूत से लिपटे हुए देखा गया। दाह संस्कार से ठीक पहले उसने अपने पिता के पार्थिव शरीर को नमन किया जिसके बाद भारत माता के सपूत की जय एवं भारत माता की जय के नारे गूंज उठे।

### दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश, उमस भरी गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली,** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में शुक्रवार सुबह तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई है। दिल्ली में मौसम ने अचानक ही करवट की है। मौसम में आए इस बदलाव के कारण तेज हवाएं चली। सुबह के समय बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। शुक्रवार की सुबह दिल्ली व आसपास के इलाकों में तेज हवाएं चली। कई इलाकों में झमाझम बारिश भी हुई है। दिल्ली में हुई बारिश से लोगों को उमस भरे मौसम से तो राहत मिली लेकिन जलभराव और यातायात बाधित होने से उन्हें आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली में कई निचले इलाकों में पानी भर गया। शहर में बारिश से न्यूनतम तापमान घटकर 23.7 डिग्री सेल्सियस पर आ गया जो मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम है। वहीं सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े आठ बजे 100 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग ने दिन में बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश होने और अधिकतम तापमान करीब 32 डिग्री सेल्सियस रहने का पूवार्नुमान व्यक्त किया। दिल्ली के अधिकतर इलाकों में बादल झमाझम बरसे है। बारिश होने से दिल्ली के कई हिस्से पानी में डूब गए। कई इलाकों में जलजमाव हो गया जिससे यातायात बाधित हुआ है। अक्षरधाम मंदिर मेट्रो स्टेशन के बाहर और विकास मार्ग समेत कई सड़कों पर यातायात बाधित रहा। संगम विहार के कई इलाकों में जलभराव हो गया जिससे स्थानीय लोग परेशान रहे।

## मुख्यमंत्री स्टालिन ने महिलाओं के लिए 1000 रुपये की मासिक आर्थिक सहायता योजना की शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली,** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने द्रविड नेता सी. एन. अन्नादुरै की जयंती पर शुक्रवार को यहां द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार की महिलाओं के लिए एक हजार रुपये की मासिक आर्थिक सहायता योजना की शुरूआत की। अन्नादुरै तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और द्रविड़ नेता थे। स्टालिन ने यहां योजना की शुरूआत कर कई लाभार्थियों को बैंक के डेबिट कार्ड वितरित किए। वहीं राज्य सरकार के मंत्रियों ने अपने-अपने जिलों में इस कार्यक्रम की शुरूआत की। बुनियादी आय वाली इस योजना का नाम पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि के नाम पर रखा गया है और राज्य सरकार ने इस सहायता योजना को महिलाओं का अधिकार करार दिया। राज्य सरकार ने इस योजना के अंतर्गत 1.06 करोड़ (1,06,50,000) महिलाओं की पहचान की है और एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लाभार्थियों को किया जाएगा।

## जेपी नड्डा का कांग्रेस पर वार, बोले- इनकी मोहब्बत की दुकान में बिकता है नफरत का सामान

एजेंसी

**नई दिल्ली,** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज छत्तीसगढ़ जशपुर से 'परिवर्तन यात्रा' का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। राज्य में भाजपा का मुख्य मुकाबला कांग्रेस से है। 'परिवर्तन यात्रा' के शुभारंभ के दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यहां पिछले 5 साल में सिर्फ छलावा किया है, आप लोगों को केवल गुमराह किया है। अपने मेनिफेस्टो की एक भी बात उन्होंने पूरी नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में न तो माताओं को 500 रुपये प्रतिमाह मिले। न ही गरीब माताओं को मुफ्त गैस सिलेंडर मिले। न ही भूमिहीन जनजातीय भाईयों को



जमीन मिली।

नड्डा ने जोर देते हुए कहा कि मैं आप सबको बताना चाहता हूं कि भूपेश बघेल के हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और हैं। खाने के लिए इन्होंने भ्रष्टाचार किया और दिखाने के लिए कहा कि माताओं को प्रतिमाह 500 रुपये दूंगा और बेरोजगार नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता दूंगा। लेकिन पिछले 5 साल में किसी को भी कुछ नहीं मिला। इस तरह भूपेश बघेल ने यहां सरकार चलाई है। उन्होंने कहा कि ये परिवर्तन यात्रा इसलिए है कि पहले भी हमने आपकी सेवा की है, आगे भी हम आपकी सेवा करेंगे। हम वादा करते हैं कि मोदी जी ने गरीब कल्याण की जो योजनाएं चलाई हैं, उनको भी फिर से छत्तीसगढ़ में लागू करेंगे और गरीबों का कल्याण करेंगे।


भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि किसानों और महिलाओं का सशक्तिकरण हम करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने का काम करेंगे और इस परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भूपेश बघेल और उनकी सरकार का भ्रष्टाचार छत्तीसगढ़ की जनता के सामने लाएंगे। और छत्तीसगढ़ से इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का काम यहां की जनता के सहयोग से करेंगे। नड्डा ने कहा कि 2014 में आपके पास जो मोबाइल होता था उस पर लिखा होता था Made In China, 92% मोबाइल चीन में बनते थे। आज 97% मोबाइल भारत में बन रहे हैं। ये बढ़ता हुआ भारत है। उन्होंने कहा कि अगर मैं विकास कार्यों की बात करूं तो आज छत्तीसगढ़ में 5 नेशनल हाइवे बन रहे हैं। रायपुर से धनबाद तक इकोनॉमिक कॉरिडोर बन रहा है।रायपुर में एम्स दिया गया।यहां अम्बिकापुर में मेडिकल कॉलेज खोला गया है। हर दृष्टि से यहां विकास के काम हुए हैं। विपक्ष पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि आजकल सनातन धर्म पर बहुत चर्चा हो रही है। इस I.N.D.I A Alliance ने मुंबई में 1 सितंबर को बैठक की और 3 सितंबर को इनके एक मुख्य सहयोगी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके नेता स्टालिन के पुत्र उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना गंभीर बीमारियों से की और सनातन का निरादर किया।

## एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के चार सदस्यों को राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में दर्ज एफआईआर पर बढ़ाई सुरक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मणिपुर हिंसा पर फैक्ट फाईडिंग रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए दर्ज एफआईआर में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के चार सदस्यों की गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा बढ़ा दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि प्रथम दृष्टया पत्रकारों के खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है। उन्होंने सवाल किया कि चारों पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर क्यों रद्द नहीं की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि



पत्रकारों को अपना दृष्टिकोण रखने का अधिकार है। बस हमें दिखाएं कि ये अपराध (एफआईआर में उल्लिखित) कैसे बनते हैं। यह सिर्फ एक रिपोर्ट है। आपने ऐसी धाराएं लगाई हैं जो बनाई ही नहीं गईं। शुक्रवार को इसने एडिटर्स गिल्ड के चार सदस्यों की गिरफ्तारी से सुरक्षा दो और सप्ताह के लिए बढ़ा दी।

### क्या है पूरा मामला

एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की चार सदस्यीय टीम ने 2 सितंबर को मणिपुर हिंसा पर 24 पन्नों की तथ्य-खोज रिपोर्ट जारी की थी। राज्य में मीडिया रिपोर्टों की जांच के लिए तथ्य-खोज टीम को मणिपुर भेजा गया था। एडिटर्स गिल्ड ने दावा किया कि मणिपुर में जातीय हिंसा पर मीडिया की रिपोर्टें एकतरफा थीं और राज्य नेतृत्व पर पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगाया। कुछ दिनों बाद, मणिपुर सरकार ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और तीन सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और उन पर हिंसा प्रभावित राज्य में और अधिक झड़पें पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। एफआईआर के अनुसार, एडिटर्स गिल्ड के चार सदस्यों पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने सहित भारतीय दंड संहिता के कई प्रावधानों के तहत अपराध का आरोप लगाया गया है।

## केजरीवाल ने पंजाब के उद्योगपतियों से कहा, हम आपको अपना भागीदार मानते हैं

एजेंसी

**नई दिल्ली,** आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को अमृतसर में पंजाब के उद्योगपतियों के साथ बैठक में कहा कि भगवंत मान सरकार उन्हें भागीदार मानती है।केजरीवाल ने मुख्यमंत्री मान के साथ आश्वासन दिया कि पंजाब में आप सरकार उद्योग को फलने-फूलने के लिए अनुकूल माहौल देगी। बुधवार को पंजाब के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे केजरीवाल ने टाउनहॉल बैठक में कहा कि पिछली सरकारें उद्योगपतियों को शक की निगाह से देखती थीं और हमेशा सोचती थीं कि वे उनका कितना फायदा उठा सकते हैं, लेकिन वर्तमान सरकार उन्हें अपना भागीदार मानती है। केजरीवाल ने कहा, हम आपको अपना भागीदार मानते हैं। आपके बिना पंजाब का विकास संभव नहीं हो सकता। सभा को संबोधित करते हुए मान ने कहा, अमृतसर में हम पर्यटन से संबंधित एक पुलिस इकाई स्थापित करेंगे। इसे अमृतसर में एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस इकाई के कर्मियों के पास एक विशेष वर्दी होगी ताकि पर्यटक उन्हें दूर से पहचान सकें और वे पर्यटकों को हर तरह की मदद देंगे, जिसकी उन्हें जरूरत होगी। यातायात के संदर्भ में एक अन्य पहल में, मान ने कहा, हम कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग करेंगे। पंजाब ने सड़क सुरक्षा बल स्थापित करने का भी निर्णय लिया है और पुलिस विभाग को 129 एसयूवी दी जाएंगी, जहां पुलिस राज्य में हर 30 किमी के दायरे में गश्त करेगी और दुर्घटना पीड़ितों की मदद भी करेगी।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग की गिरी लिफ्ट, 4 की मौत, पांच की हालत गंभीर, जांच के आदेश

एजेंसी

नोएडा, उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में आम्रपाली हाउसिंग सोसायटी की एक निमार्णाधीन इमारत की 14वीं मंजिल से लिफ्ट दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम चार लोगों के मरने की आशंका है। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। लिफ्ट गिरने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पांच लोगों की हालत गंभीर है। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ₹चार लोगों की मौत हो गई है। पांच लोगों की हालत गंभीर है और शहर के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। हमारी टीम शहर के अस्पताल में मौजूद है... हमारे अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं और कोई भी वहां नहीं फंसा है। उचित इलाज किया जा रहा है।





अतिरिक्त डीसीपी (सेंट्रल नोएडा) राजीव दीक्षित ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे आम्रपाली ड्रीम वैली सोसायटी की निमार्णाधीन साइट पर हुई। दीक्षित ने कहा, सर्विस लिफ्ट 14वीं मंजिल की ऊंचाई से गिर गई। यह घटनाक्रम महाराष्ट्र के ठाणे में एक इमारत में सर्विस लिफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात श्रमिकों की मौत के कुछ दिनों बाद आया है।स्काईराइज की छत पर वॉटरप्रूफिंग का कुछ काम पूरा करने के बाद कर्मचारी सर्विस लिफ्ट से नीचे आ रहे थे। बीच रास्ते में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और लिफ्ट की रस्सी टूट गई। लिफ्ट तेज गति से नीचे गिरी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे सात मजदूरों की मौत हो गई और एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।

हाल के महीनों में नोएडा और ग्रेटर नोएडा की ऊंची सोसायटियों से लिफ्ट की खराबी और दुर्घटनाओं की कई घटनाएं सामने आई हैं। अगस्त में, नोएडा के एक आवासीय परिसर में लिफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद 73 वर्षीय एक महिला की संभावित हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। लिफ्ट जमीन से नहीं टकराई और इमारत की बीच की कुछ मंजिलों के बीच फंस गई।

## रांची में ईआरपीसीसी बैठक में नक्सलवाद, साइबर और अंतरराज्यीय अपराध पर चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली,** पूर्वी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति (ईआरपीसीसी) की शुक्रवार को यहां हुई बैठक में नक्सली गतिविधियों, साइबर अपराध और अंतरराज्यीय संगठित अपराधों पर चर्चा की गयी। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह ने की। पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया। सिंह ने मीडियाकर्मियों से कहा, वामपंथी चरमपंथ को खत्म करने और इस संबंध में भविष्य में हमें क्या करने की जरूरत है, इसके समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में अंतरराज्यीय अपराध खासतौर से संगठित अपराध के खिलाफ रणनीति पर भी चर्चा की गयी।



उन्होंने कहा, साइबर अपराध की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। अधिकारियों ने भी इस संबंध में सूचना साझा की। उन्होंने बताया कि झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सली गतिविधियों की समीक्षा की गयी और यह पाया गया कि नक्सली गतिविधियों में बड़े पैमाने पर गिरावट आयी है। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) अमोल वी होमकर ने मीडियाकर्मियों को बताया कि नक्सली गतिविधियों का असर सभी पांच राज्यों पर है। उन्होंने कहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में समन्वित तरीके से की गयी कार्रवाई के कारण सभी पांच राज्यों में नक्सली गतिविधियों में गिरावट आयी है। होमकर ने कहा कि जहां तक झारखंड का संबंध हैं तो नक्सलियों के सभी गढ़ पर कब्जा कर लिया है चाहे वह गुमला, लातेहार और लोहरदगा या सरायकेला का मिलन क्षेत्र हो या बूढ़ा पहाड़ इलाका हो।

उन्होंने कहा, कई शीर्ष नक्सली नेता मारे गए, कई को गिरफ्तार किया गया और कई नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आईजीपी ने कहा कि चतरा जिले में झारखंड-बिहार सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ एक अभियान भी शुरू किया गया था जिसमें शीर्ष पांच नक्सली मारे गए। पश्चिम बंगाल और ओडिशा सीमा पर नक्सली गतिविधियों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। होमकर ने कहा, यह फैसला लिया गया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शिविरों को सक्रिय किया जाएगा और संयुक्त अभियान पर ध्यान केंद्रित किया गया है। समय रहते सूचना साझा करने के लिए भी एक तंत्र विकसित किया जा रहा है।

## संक्षेप

### बस के चालक व परिचालक ने महिला यात्री का गुमशुदा पर्स लौटाया

अमन लेखनी समाचार

काकोरी। दुबग्गा डिपो की पीएमआई इलेक्ट्रिक बस संख्या यूपी 32पीएन 6676 के चालक ललित कुमार व परिचालक शहनवाज द्वारा संचालित की जा रही थी, जिसमें एक महिला यात्री चारबाग से सीतापुर बाईपास दुबग्गा के लिए बैठी थी, जिसका पर्स बस में छूट गया था जिसमे नगद एक लाख रुपए व सोने की झुमकी तथा जरूरी कागजात थे। ज्ञान चंद्र, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, अनिल तिवारी, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी दुबग्गा डिपो व उनकी टीम द्वारा महिला यात्री को उनका पर्स नगद धनराशि व झुमकी वापस की गई। महिला यात्री द्वारा अपना सामान प्राप्त करते हुए डिपो प्रबंधन के कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। डिपो प्रबंधन द्वारा बस क्रू की ईमानदारी हेतु चालक को 300 व परिचालक को 300 नगद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये गए।

### भाजपा की सोशल मीडिया सेल की बैठक का हुआ आयोजन

**मोहनलालगंज-लखनऊ।** मोहनलालगंज ब्लाक में शुक्रवार को भाजपा की सोशल मीडिया सेल की विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। सोशल मीडिया सेल के जिला संयोजक अखिलेश अवस्थी ने बैठक में मौजूद विधानसभा समेत मंडल की सोशल मीडिया टीम से विभिन्न विषयों पर चर्चा की।बैठक में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारतीय जनता पार्टी को सक्रिय और मजबूत बनाने पर चर्चा की गई।साथ ही आगामी दिनों में केंद्र सरकार एवं संगठन द्वारा चलाए जाने वाले सोशल वार एवं हैशटेग में कार्यकताओं के बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी पर जोर दिया। उन्होने सोशल मीडिया क्षेत्र में और सक्रिय होने का आव्हान भी किया।बैठक में ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, सह संयोजक कुलदीप द्विवेदी, विनोद साहू प्रणवीर सिंह, उमाकांत साहू, अजय रावत प्रदीप गुप्ता, अशोक वर्मा समेत काफी लोग मौजूद रहें।

### दबंगो ने सुरक्षागार्ड को पीटा, मुकदमा दर्ज

निगोहाँ लखनऊ। उतरावां गांव निवासी नितेश कुमार ने बताया वो एक्स सैनिक सिक्योरिटी में सुरक्षागार्ड है, उसकी ड्यूटी मोहनलालगंज के गदियाना में स्थित कल्पना रेजीडेंसी में चल रही है, बीते गुरूवार की शाम रेंजीडेंसी के अंदर जबरन बाइक लेकर सुधाकर यादव, रिंकल यादव निवासी बदनखेड़ा अपने एक अज्ञात साथी के साथ घुस रहे थे मना करने पर तीनो आग बबूला हो गये ओर गाली-गालौज करते हुये बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया, चीख-पुकार सुनकर रेजीडेंसी के अन्य सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये बाइक पर सवार होकर मौके से भाग निकलें।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित सुरक्षा गार्ड की तहरीर पर आरोपियों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# सनातन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी नही सहेगा हिंदू संगठन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातनियों के विरुद्ध दिए गए बयान की हिंदू जागरण मंच व विश्व हिंदू परिषद ने निंदा की है। आक्रोशित संगठन के लोगों ने मलिहाबाद क्षेत्र के अटेर में स्थित मां बाराही देवी मंदिर पर संगठन के पदाधिकारी ने मंदिर की सीढ़ियों पर सनातन धर्म के विरोधियों के चित्र का पायदान डाल, सनातन धर्म के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी पर विरोध जताया। हिंदू जागरण मंच जिला सहसंयोजक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सनातनियों से माफी नहीं मांगने पर हिंदू संगठन आगे आंदोलन करेगा। सनातन धर्म के विरोध में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी करेगा तो हिंदू संगठन उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। यह बात शुक्रवार को हिंदू जागरण मंच जिला सह संयोजक व विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यध्यक्ष ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। जिसमे सभी को अभिव्यक्ति की आजादी है। किंतु वर्षो से यह देखा जा रहा है कि आए दिन समुदाय विशेष द्वारा सनातनियों के विरुद्ध अशोभनीय, अनर्गल, असहनीय, धर्म के विरुद्ध बयानबाजी कर रहे हैं जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। जिला सहसंयोजक संतोष सिंह ने कहा कि सनातन धर्म की तुलना मलेरिया डेंगू और कोरोना से किया जा रहा है जो अनुचित है। हर किसी धर्म की एक सीमा और अवधि है लेकिन सनातन धर्म की कोइे सीमा नहीं है। यह अनंत है। संसार में एक प्रकार की व्यवस्था सनातन है। सनातन धर्म का विरोध सालों से दक्षिण की ओर से ही होता रहा है। जिस किसी ने सनातन धर्म का विरोध किया उसका पतन हुआ है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रावण और कंस है। उनके वंश को चलाने वाला आज कोई नहीं है। जो भी सनातन धर्म के विरोध में बोलेगा उसका हमेशा विरोध किया जाएगा। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिला कार्य अध्यक्ष भूपेंद्र अर्कवंशी, दिनेश सिंह पूर्व प्रधान, सुनील सिंह, मोहित सिंह, अखिलेश सिंह, भक्त राज रामपाल, अवधेश सिंह, मनोज सिंह अर्कवंशी, राजन सिंह सहित तमाम हिंदू संगठन के लोग मौजूद रहे।

# सहकारी समिति बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान का हुआ आगाज

**जनता के हित में है बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान: वीरेंद्र प्रताप सिंह**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सहकारी समिति में किसानों के साथ-साथ श्रमिकों एवं अन्य लोगों को जोड़ने के लिए जिला सहकारी बैंक लिमिटेड लखनऊ सभापति वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को सहकारी समिति बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान चलाया गया। लखनऊ के बख्शी तालाब में सदस्यता अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला द्वारा समिति की सदस्यता ग्रहण की गई। लखनऊ में शुक्रवार को सीएम योगी ने बी पैक्स सदस्यता महाअभियान 2023 का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा था कि सरकार किसानों के लिए काम कर रही है। यह अभियान 30 सितंबर तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। इसी क्रम में शुक्रवार को बीकेटी तहसील में सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड (लखनऊ) वीरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बी पैक्स सदस्यता महा अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बक्शी का तालाब विधानसभा के विधायक योगेश शुक्ला कार्यक्रम में शामिल हुए। बी पैक्स की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर कार्यक्रम संबोधित करते हुए विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि सरकार द्वारा साधन सहकारी समितियों को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक योजनाओं को लागू कर रही है। जिससे किसानों को लाभान्वित किया जा सके।सभी साधन सहकारी समितियों को कम्प्यूटर से लैस किया जा रहा है। अब इसका नाम बदल कर बी पैक्स कर दिया गया है। सदस्य बनने के बाद किसान को उर्वरक, उन्नतिशील बीज, कृषि मशीनरी कीटनाशक के साथ तीन फीसद व्याज फसली ऋणी सहित अन्य लाभ मिलेगा। इस मौके पर मेगा कैंप के संचालक विनय प्रताप सिंह, ब्रजेंद्र कुमार वर्मा, दिवाकर सिंह, अपर जिला सहकारी अधिकारी रवि शंकर चौधरी, सहित क्षेत्र के दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# नारायणपुर गाँव में दंगल व मेले का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

बंथरा। नरायनपुर गांव में शिवसागर सिंह जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित किये जा रहे प्रतिवर्ष दंगल मेले के आयोजन के तहत भादों मास की अमावस्या को इस वर्ष भी दंगल का आयोजन किया गया। दंगल का शुभारंभ संरक्षक कप्तान सिंह चौहान ने फीता काटने के बाद कराया। दंगल में प्रदेश के कई जिलों से कुश्ती लड़ने के लिए पहलवान इकट्ठा हुए, जिसमें मेरठ के हरविंदर ने लखापुर के भूपेंद्र को पटकनी देकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। विजयी हरविंदर को दंगल कमेटी की ओर से उचित इनाम देकर सम्मानित किया गया इसके अलावा हारे हुए पहलवानों को भी ससम्मान विदाई कराई गई। दंगल में क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में दुकानदार व भारी मात्रा में ग्रामीणों ने पहुंचकर आयोजन का आनंद लिया। आयोजन में मुख्य रूप से गांव के ही वरिष्ठ हरिशंकर सिंह चौहान, सुंदर सिंह, भवानी सिंह, अजय शंकर, औरांवा गांव के पूर्व प्रधान अजय सिंह, लवि सिंह चौहान बंथरा, राम शंकर सिंह मतोले, के अलावा बड़ी मात्रा में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर पहलवानों की कुश्ती सहित मेले का आनंद लिया।

# लखनऊ में भाजपा ने विनय प्रताप सिंह को बनाया जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, बने आनंद द्विवेदी

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ। भाजपा ने लखनऊ जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी विनय प्रताप सिंह को दी है। जबकि महानगर अध्यक्ष पद पर आनंद द्विवेदी को लाया गया है। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए ब्राह्मण और क्षत्रिय चेहरों को सामने किया है। आनंद द्विवेदी अभी तक महानगर संगठन में उपाध्यक्ष थे, मौजूदा समय मुकेश शर्मा अध्यक्ष थे, जिनका दो कार्यकाल पूरा हो चुका है। तीन साल का एक कार्यकाल होता है लेकिन मुकेश शर्मा सात साल सात माह तक अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाते रहे और संगठन ने उन्हें विधान परिषद में भेजकर इनाम भी दिया था। महानगर अध्यक्ष पद को लेकर दावेदारों की लंबी सूची थी। इसमे आनंद द्विवेदी के अलावा अशोक तिवारी, अनुराग मिश्र अन्नू और सुशील मिश्र ब्राह्मण चेहरों में थे। प्रबल दावेदारों में आनंद द्विवेदी के अलावा साढ़े सात साल से महामंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे पुष्कर शुक्ला का नाम था लेकिन रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के खेमे में होने के कारण आनंद द्विवेदी को महानगर अध्यक्ष की कुर्सी मिली।

भाजपा ने मुकेश शर्मा के बाद फिर से ब्राह्मण चेहरे को सामने किया है। जिलाध्यक्ष की दौड़ में वर्तमान अध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी फिर से दौड़ में थे, जबकि बक्शी का तालाब निवासी शिवदर्शन यादव के अलावा जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति के साथ ही जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह के साथ-साथ सदाशिव मिश्र और संजय सिंह भी थे। बक्शी का तालाब में भाजपा के चुनाव प्रभारी रहे और वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह को अध्यक्ष बनाकर कई बड़े नेताओं के दावे को फेल कर दिया। तेरा जिलाध्यक्ष बनने की खबर सुनते ही जिले के कार्यकताओं में खुशी की लहर, कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया।

# गौरैया व पर्यावरण संरक्षण हेतु विशेष जागरूकता अभियान



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मेरी प्यारी गौरैया मुहिम द्वारा राजधानी के बालागंज स्थित भारत एकेडमी में नन्ही गौरैया व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां नन्ही गौरैया के कृत्रिम घोंसले, दाना काकून, मिट्टी के पात्र व तुलसी, मीठी नीम, सहजन, के पौधो का वितरण करने के साथ गौरैया व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। मेरी प्यारी गौरैयाः मुहिम संचालक पंक्षी प्रेमी महेश साहू द्वारा मुख्य अतिथि निर्वतमान महापौर सयुंक्ता भाटिया, विशिष्ट अतिथि- अंजनी श्रीवास्तव, ताराचंद रावत, सरवन सक्सेना, प्रतिमा मिश्रा को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। वहीं पंक्षी प्रेमी महेश साहू ने कार्यक्रम नन्ही गौरैया व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस मौके पर भारत सक्सेना, रजत सक्सेना, सेवा भारती सह सचिव मनीष गुप्ता, सीमा मौर्या, रचित मौर्या, मनू तिवारी, इकरार सिद्दीकी, मनोज चौरासिया, डिप्टी रेंजर मनीष कनौजिया, वन दरोगा विनोद कुमार, वन रक्षक दीपक कनौजिया, शैलेन्द्र लोधी, सहित सैकड़ों छात्राएं व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# माँ है सुपोषित तो बच्चा भी होगा सुपोषित

**पोषण माह के तहत बाल विकास परियोजना अलीगंज में कार्यक्रम आयोजित**

**पोषण माह के तहत जनपद में आयोजित हो रहीं गतिविधियां**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, हर साल सितंबर माह राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है इसी क्रम में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में अलीगंज बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र बाबा का पुरवा में शुक्रवार को ह्लसही पोषण देश रोशनह्व के नारे के साथ कार्यक्रम आयोजित हुआ

इस कार्यक्रम का उद्घाटन पेपर मिल क्षेत्र के सभासद राजेश सिंह बब्बर ने किया सभासद ने कहा कि समाज का विकास तभी संभव होगा जब सभी स्वस्थ होंगे आंगनबाड़ी केंद्र वह जगह है, जहां बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है गर्भवती व धात्री महिला को स्वास्थ्य एवं पोषण देखभाल की सलाह एवं सेवाएं दी जाती हैं गर्भवती यदि सुपोषित है तो बच्चा भी सुपोषित होगा, इसलिए गर्भवती के स्वास्थ्य की देखभाल एवं फॉलो अप बहुत जरूरी है इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि गर्भवती, छह साल तक के बच्चों, धात्री महिलाओं और किशोरियों को सुपोषित बनाने के उद्देश्य से सितंबर माह पोषण माह के रूप में मनाया जाता है, जिसमें केवल स्तनपान, छह माह तक स्तनपान, समय से ऊपरी आहार की शुरूआत, जीवन के पहले 1000 दिन, आयरन का सेवन, गर्भवती और बच्चों का वजन लेने, स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा, अति गंभीर और मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान, उनका सामुदायिक स्तर पर प्रबंधन करने या पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने सहित अन्य विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा समुदाय को सुपोषित बनाने के लिए क्या करें आदि के बारे में जागरूक किया जा रहा है इसके साथ ही समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं को निर्देश दिए कि ह्लमेरी माटी मेरा देशह्व अभियान के तहत हर घर से एक मुट्ठी मिट्टी और एक मुट्ठी अनाज एकत्रित करें इस मौके पर बाल विकास परियोजना अलीगंज के समस्त स्टाफ की ओर से कठपुतली के खेल के माध्यम से पोषण संदेश दिए गऐ कार्यक्रम में श्री अन्न से बने विभिन्न व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता सिंह, मुख्य सेविका अंजना सिंह, तारुलता अंजुलता दीपिका, ममता बाजपेयी, ललिता बाजपेयी, राधा शुक्ला, संगीता चौधरी, रेखा वर्मा, सीमा जयसवाल, सीमा नाग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वास्थ्य विभाग से डा. पल्लवी श्रीवास्तव, समाज सेविका माया डा. वी.के.सक्सेना, रजनी सिंह व लाभार्थी मौजूद रहीं इसी क्रम में कुपोषण मुक्त भारत के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत जन आन्दोलन और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कैसरबाग बस स्टेशन, अवध बस स्टेशन (कमता), आलमबाग बस टर्मिनल तथा चारबाग रेलवे स्टेशन पर कैनोपी लगायी गई, जहाँ पर प्रदेश एवं देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जनपद की बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्यसेविकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने पोषण जागरूकता के लिए अभियान चलाया। इस दौरान पोषण माह के पाँच सूत्र के अन्तर्गत पहले सुनहरे 1000 दिन, पौष्टिक आहार, एनीमिया की रोकथाम, डायरिया का प्रबंधन एवं स्वच्छता और साफ-सफाई आदि पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला गया तथा जनमानस को पोषण के प्रति जागरूक करने वाले पैम्पलेट भी वितरित किये गए।

# स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आएं युवा : अमृता सोनी

**प्रदेश में रक्त की कमी को दूर करने को चलेगा अभियान**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आयुष्मान भवः अभियान के सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितम्बर से दो अक्टूबर के बीच प्रदेश में जगह-जगह रक्तदान शिविर आयोजित किये जाएंगे। राज्य रक्त संचरण परिषद ने प्रदेश के सभी जिलों में रक्तदान शिविर आयोजित करने की पूरी तैयारी कर ली है और इसके लिए युवाओं को आगे आने की अपील की है।

उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की परियोजना निदेशक अमृता सोनी का कहना है कि रक्तदान महादान है। स्वैच्छिक रक्तदान की प्रदेश को बहुत जरूरत है। हर साल लगभग 22 लाख यूनिट रक्त आपूर्ति की आवश्यकता होती है, लेकिन स्वैच्छिक रक्तदान कम होने से लगभग 16 लाख यूनिट ही लाभार्थियों को मुहैया करा पाते हैं। प्रदेश मे हर साल मांग मे वृद्धि हो रही है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान का प्रतिशत प्रत्येक वर्ष बढ़ाया जाना और मांग व पूर्ति के बीच की खाई को पाटने की नितांत आवश्यकता है। केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के उद्देश्य से जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्त करने के लिए आयुष्मान भवः अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के सबसे महत्वपूर्ण घटक के रूप मे सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है। सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। सभी ब्लड बैंकों को कम से कम चार रक्तदान शिविर आयोजित करवाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य रक्त संचरण परिषद के अध्यक्ष डॉ. हीरा लाल का कहना है कि परिषद द्वारा सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने की पुरजोर कोशिश की जा रहीं है। इसके लिए पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, रेड रिबन क्लब, रेडक्रॉस सोसायटी, रोटरी क्लब और समस्त रक्त केंद्रों की लगातार बैठक की जा रहीं हैं और पूरा प्रयास है कि हम लक्षित रक्त संग्रह कर पाएंगे। ब्लड बैंकों को रक्त कोष पोर्टल पर रक्तदान का पंजीकरण और नियमित स्टॉक अद्यतन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अभियान में गैर सरकारी संस्थाओं को स्वैच्छिक रक्तदान हेतु शिविर लगाने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य रक्त संचरण परिषद की सदस्य सचिव डॉ. गीता अग्रवाल का कहना है कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत परिषद का पूरा प्रयास है कि अधिक से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित हों और ज्यादा से ज्यादा लोग इस महादान अभियान से जोड़े जाएँ। सेवा पखवाड़ा की सफलता लोगों के स्वैच्छिक प्रतिभाग पर निर्भर करती है और इस महान काम के लिए सभी को विशेष कर युवा वर्ग को आगे आना होगा, जिससे उत्तर प्रदेश के हर एक व्यक्ति जिसे रक्त की आवश्कता हो, उसे प्रत्येक दशा में रक्त उपलब्ध हो सके।

# पावरविंग्स फाउंडेशन ने छह क्षय रोगियों को लिया गोद, पोषण किट प्रदान की

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, एकीकृत निक्षय दिवस एवं आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल स्थित क्षय उन्मूलन केंद्र पर शुक्रवार को पावरविंग्स फाउंडेशन ने छह क्षय रोगियों को गोद लिया और उन्हेंपोषण किट प्रदान की। किट में प्रोटीन पाउडर, दलिया, मूंग की दाल, सोयाबड़ी और पूरक आहार होता है इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा.ऐ. के. सिंघल ने कहा कि हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसमें संभावित क्षय रोगियों की जांच और इलाज किया जाता है इसके साथ ही बुधवार से शुरू हुए आयुष्मान भवः अभियान के तहत निक्षय मित्रों को सम्मानित किए जाने का कार्यक्रम शुरू किया गया है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में चार निक्षय मित्रों को सम्मानित भी किया जा चुका है टीबी के इलाज में निक्षय मित्रों की भूमिका भी अहम है वह टीबी मरीजों को पोषण सामग्री तो मुहैया कराते हैं साथ ही उन्हें भावनात्मक सहयोग भी प्रदान करते हैं जिससे टीबी रोगी व उनके परिवार के सदस्यों का मनोबल बढ़ता है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश से क्षय उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2025 निर्धारित किया है, जिसमें अब डेढ़ साल से भी कम समय रह गया है क्षय उन्मूलन में सबसे महत्वपूर्ण बात है कि अधिक से अधिक संख्या में क्षय रोगियों की पहचान हो, जिससे समय से उनका इलाज शुरू किया जा सके उन्होंने कहा कि निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान क्षय रोगियों को हर माह 500 रुपये भी खाते में भेजे जाते हैं इस मौके पर सदर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कसाईबाड़ा की प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कीर्ति सक्सेना ने टीबी रोगियों से कहा कि टीबी के इलाज में नियमित तौर से दवा खाना बहुत जरूरी होता है, इसके साथ ही प्रोटीनयुक्त आहार का सेवन भी आवश्यक होता है इसलिए ही पोषण सामग्री दी जा रही है अतः जो भी खाने का समान उन्हें यहाँ पर मिला है उसका सेवन वह खुद करें पावर विंग्स फाउंडेशन की प्रतिनिधि सुमन सिंह रावत ने जानकारी दी कि उनकी संस्था परिवर्तन मुहिम के तहत साल 2019 से क्षय रोगियों को गोद ले रही है और अब तक 212 क्षय रोगियों को गोद ले चुकी है इस अवसर पर एसटीएस अभय चंद्र मित्रा, पीपीएम समन्वयक राजीव कुमार, टीबीएचवी राजेश शर्मा, पावर विंग्स से नविता सोनिया, श्रुति सिंह, पूजा सिंह, वंदना सिंह, और प्राची मौजूद रहीं।

# सरोजनी नगर पुलिस ने दो सातिर मोबाइल लुटेरों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर दो मोबाइल लुटेरों को दबोच लिया। पुलिस ने दोनों मोबाइल लुटेरों के कब्जे से आधा दर्जन से अधिक लूटे व चोरी किये गये कीमती मोबाइल बरामद करने का भी दावा किया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र गिरी के मुताबिक शुक्रवार तड़के मुखबिर ने सूचना दी कि क्षेत्र के बेहसा स्थित सिहारी देवी मंदिर के पास दो मोबाइल लुटेरे मौजूद हैं। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक स्कूटी पर दो लोग आते देख उन्हें टार्च दिखाकर रूकने का इशारा किया तो वह दोनों स्कूटी मोडकर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर दबोच लिया। पकड़े गये आरोपियो में से पूछताछ में एक ने खुद को आशियाना क्षेत्र के रजनीखंड में रहने वाला निखिल सिंह उर्फ अमन बताया। जबकि दूसरा बाल अपचारी है। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान उनके कब्जे से अलग-अलग कम्पनियों के 08 मोबाइल एवं एण्ड्राइड फोन बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान इन मोबाइल लुटेरों ने बताया कि दोनों ने मिलकर राहगीरों से कुछ मोबाइल लूटे हैं और कुछ चोरी किये हैं। दोनों ने बताया कि वह मोबाइल बेचने के लिए स्कूटी की डिग्गी मे छिपाकर ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

# बाइक ने रिक्शा ट्राली में मारी टक्कर, मजदूर की हालत गम्भीर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गनेशखेड़ा गांव के पास शुक्रवार की रात तेज रफ्तार बाइक ने रिक्शा ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी, दुर्घटना में रिक्शा ट्राली चालक मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गया।सूचना के काफी देर बाद तक पुलिस के मौके पर ना पहुंचने पर ग्रामीणो ने घायल मजदूर को ई रिक्शा से इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी, जहां मौजूद डाक्टर ने मजदूर की हालत गम्भीर देख इलाज के लिये ट्रामा सेंटर भेजा।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के धर्मगंतखेड़ा निवासी सुनील कुमार रिक्शा ट्राली चलाता है, शुक्रवार की रात वो रिक्शा ट्राली लेकर वापस अपने घर जा रहा था तभी गनेशखेड़ा गांव के पास उसके रिक्शे में तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद रिक्शा पलट गया ओर वो छिटककर दूर जा गिरा ओर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना के काफी देर बाद भी पुलिस के ना पहुंचने पर ग्रामीण ई रिक्शा से घायल सुनील को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये, जहां मौजूद डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देख इलाज के लिये ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।जिसके बाद परिजन एम्बुलेंस की मदद से घायल सुनील को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर लेकर गयें।

# युवती लापता मां ने लगाया पड़ोसी युवक पर भागा ले जाने का आरोप

लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में एक किशोरी की मां ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि किशोरी घर से बीस हजार की नकदी व लाखों रुपए के जेवर भी चोरी कर ले गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर दोनो की तलाश कर रही है। सरोजनीनगर के मुंशीखेड़ा में रहने वाली एक महिला का आरोप है कि उसकी बेटी आलमबाग थाना क्षेत्र के एक कालेज में पढ़ती है। बुधवार को वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली। लेकिन शाम तक घर नही लौटी। जिसके बाद उसकी खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि वह स्कूल गई ही नही। पीड़िता का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक अन्नू उर्फ नागालैण्ड उसे बहला-फुसला कर भगा ले गया। पीड़िता का यह भी कहना कि अन्नू के बहकावे मे आकर उसकी नाबालिग बेटी घर में रखी 20 हजार रुपए की नकदी व तीन लोगो के लाखों रुपए कीमत के जेवर भी चोरी कर ले गई। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस मोबाइल नम्बर को सर्विलांस मे लगाकर उनकी तलाश कर रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोपेड सवार युवक घायल

सफीपुर, उन्नाव। हरदोई उन्नाव मार्ग पर मोपेड से अपने घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक सी एच सी लाया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया थाना माखी क्षेत्र के कोटरा निवासी दिनेश 43 वर्ष पुत्र मथुरा अपने निजी काम से सफीपुर आया था अपनी मोपेड मोटर साइकिल से वापस घर जा रहा था कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग ग्राम महंदीखेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने मोपेड में जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां पर गंभीर हालत देखते डॉ ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

## कोर्ट ने नगर पंचायत को सौंपी करोड़ों के कीमत की जमीन, नहीं मिला कोई वारिस

उन्नाव। न्यायालय में चल रहे मुकदमे में न्यायालय ने वसीयत को खारिज कर दिया है ।वहीं भूमि का कोई वारिस ना होने से भूमि को नगर पंचायत को सौंपने का आदेश दिया है ।कस्बे के मोहल्ला पश्चिम निवासी असगर अली की कस्बा स्थित भूमि संख्या 854 रकबा 0.3670 थी ।असगर अली की 1986 में मौत हो गई थी ।असगर अली के वारिस के तौर पर मौरावां कस्बे के मोहल्ला काजीगढ़ी निवासी मोहम्मद सामिन ने अपंजीकृत वसीयत कराई थी ।उक्त भूमि के दाखिल खारिज के लिए सामिन ने 1997 में तहसीलदार न्यायालय में वाद दायर किया था ।न्यायालय ने सुनवाई करते हुए 26 वर्ष बाद अपंजीकृत वसीयत को गलत मानते हुए खारिज कर दिया है ।तहसीलदार न्यायालय ने मृतक असगर अली का अबतक कोई वारिस सामने ना आने व खतौनी में कोई अन्य सह खातेदार का नाम ना होने के चलते उक्त भूमि को नगर पंचायत को सौंपने का आदेश दिया है ।न्यायालय द्वारा नगर पंचायत को सौंपी गई भूमि की कीमत लगभग तीन करोड़ रुपए है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला वृद्ध का शव

उन्नाव। बीघापुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर कर्ण के रहने वाले वृद्ध का गुरुवार देर रात संदिग्ध हालत में घर के कमरे में फंदे से शव लटका मिला। पति का शव देख पत्नी बेहाल हो उठी। शोर सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिकंदरपुर कर्ण के रहने वाले सुरेश पासी 60 वर्ष खेती कर परिवार का भरण पोषण करता था। रात खाना खाने के बाद सोने के लिए चला गया था। देर रात पत्नी फूलनदेवी ने कमरे पहुंची तो पति का नायलान की रस्सी से फंदे पर शव लटका देखा तो सन्न रह गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पिता के मौत की खबर चंड़ीगढ़ में मौजूद इकलौते बेटे दिलीप को दी गई। सूचना पर दिलीप पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गया। बताया कि उसकी पत्नी गुड़िया चौदह माह से बिहार थाना क्षेत्र के भगवंतनगर तौधकपुर गांव स्थित मायके में रह रही है। घर पर माता पिता रहते हैं। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद चचेरे भाई राजेश भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं कर सके। बताया कि सनकी होने से घटना को अंजाम दे डाला है।

# बाइक सवार लुटेरों ने व्यापारी से लूटे दो लाख

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा बाईपास पर एक सरिया व्यापारी बीती देर रात दुकान बंद कर घर जा रहा था उसके पास झोले में रखे दो लाख से अधिक की नगदी बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मार कर छीन ली और घटना को अंजाम देने के बाद कानपुर की तरफ भाग निकले। लूट की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन सीओ सिटी भारी पुलिस के साथ मौके पर पहुचे और जांच पड़ताल की है। व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने घटना के अनावरण की मांग की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एबीनगर मोहल्ला के रहने वाले सुशील जायसवाल गदनखेड़ा चौराहा से कुछ दूरी पर सरिया की दुकान कर रखी हैं। हर दिन की तरह वह रात बिक्री का दो लाख से अधिक रुपये बैग में रखा और बाइक की हैंडल में टांगकर घर जा रहे थे। पीड़ित सुशील के मुताबिक दुकान से कुछ दूरी पर पीछे से आए बाइक सवार दो लुटेरों ने कट मारकर बाइक से गिरा दिया और हैंडिल में टंगी रुपयों से भरी बैग लूटकर कानपुर की ओर भाग निकले।

### एक किमी दूर लुटेरों का पीछा किया

पीड़ित जब तक समझ पाता और तब उसने करीब एक किमी दूर लुटेरों का पीछा किया। मगर वह भाग निकले थे। लुटेरों के न मिलने पर घटना की जानकारी एक परिचित को देने के साथ पुलिस को दी। मौके पर ललऊखेड़ा चौकी का फोर्स पहुंचा और दुकानदार से पूछताछ के बाद उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया है। दुकानदार ने लुटेरों से रेकी किए जाने के बाद वारदात को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई जा रही है।

सीसीटीवी कैमरों से कर रही जांच सीओ सिटी आशुतोष कुमार व इंस्पेक्टर अश्वनी मिश्र मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की है। सीओ ने बताया कि घटना के काफी देर बाद पीड़ित से जानकारी दी गई है। जिससे लुटेरों को भागने का पूरा समय मिल गया। सीसी कैमरों की फुटेज की छानबीन की जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

## कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के ग्राम खरझारा में कोटे के विवाद थमने का नाम ही नही ले रहा। कोटेदार के खिलाफ ग्रामीण एक बार फिर उपजिलाधिकारी की चौखट पर पहुचे। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि हमारी ग्राम सभा के कोटेदार मोहनलाल द्वारा प्रत्येक माह निर्धारित मानक से अन्त्योदय व पात्र ग्रहस्थी का राशन कम देने एवं हम लोगो के कार्डो में हमारे गाँव एवं अन्य गाँवों के फर्जी यूनिट दर्ज कराकर स्वयं उन यूनिटों का राशन हजम कर लेने एवं अपशब्द एवं गालिया देकर दुकान से भगा देने तथा अपने घर के तीन अन्त्योदय कार्ड बनवाने की शिकायत हम प्रार्थीगणो द्वारा माननीय राज्यमंत्री खाद्य एवं रषद विभाग शासन लखनऊ को गयी थी. जिसके सापेक्ष में ग्राम सभा में पूर्तिनिरीक्षक बीघापुर व उपकर्मचारियों द्वारा मौके पर आकर जाँच की गयी एवं हम लोगो ने शिकायत को सही बताकर अपने अपने बयान अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराये गये, जिसके फलस्वरूप दुकान का निलम्बन की संस्तुति के आधार पर किया जा चुका है, कोटेदार द्वारा दुकान बहाली के सम्बन्ध में जिन्होने शिकायत नहीं की थी उनके द्वारा आपके समक्ष एवं उसी का विडियो बनाकर शिकायत करवाई जा रही है कि प्रधान पति द्वारा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शिकायत की गयी है, जबकि ऐसा नहीं है ।जिसने तथ्यों को छुपाकर राशन की दुकान का चयन अपने नाम करा लिया है। साक्ष्य सबूत के आधार पर आरोप पत्र की छायप्रति एवं फर्जी दर्ज राशन कार्डों के यूनिटों की प्रति प्रार्थना पत्र के साथ सलग्न है ।ग्रामीणों ने मांग की है कि हमारी ग्राम सभा की कोटे की दुकान को निरस्त करवाने एवं कोटेदार द्वारा जो फर्जी यूनिट का राशन स्वयं हजम किया गया उसकी वसूली व मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई है।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में विधायक पहुचे घर-घर

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के ग्राम धनकोली में विधायक भगवंतनगर आशुतोष शुक्ला मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश के साथ एक चुटकी मिट्टी एकत्रित करने घर घर पहुचे। विधायक आशुतोष शुक्ला ने बताया इस अभियान के तहत हमारे अमर शहीदों की याद में देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन विभूतियों की स्मृति में देश की लाखों ग्राम पंचायतों में विशेष शिलालेख भी लगाए जाएंगे। इस अभियान के तहत देशभर में अमृत कलश यात्रा भी आयोजित की जा रही है ।यह अमृत कलश यात्रा देश के कोने-कोने से 7,500 कलशों में मिट्टी लेकर देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। यह यात्रा अपने साथ देश के विभिन्न हिस्सों से पौधे भी लेकर आएगी। 7,500 कलशों में आने वाली मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी। ये अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी भव्य प्रतीक बनेगी। इस कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम प्रधान केकती देवी प्रतिनिधि राकेश कुमार, भाजपा नेता आशू बाजपेयी जिलाकार्यसमिति सदस्य राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष बीघापुर विनय सिंह, सूरज सिंह, महेंद्र सिंह ( कांटी ) सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय परिसर में शिक्षा चौपाल का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय रूपपुर चन्देला में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि अनीता शाह खण्ड शिक्षा अधिकारी सफीपुर के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गयी इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनीता शाह के द्वारा उपस्थिति अभिभावकों से कहा गया कि आप सभी की भी जिम्मेदारी है कि आप अपने बच्चों को स्वच्छ यूनिफार्म व अच्छे से विद्यालय भेजें शासन द्वारा प्राप्त धनराशि को बच्चों पर ही खर्च करें शिक्षा चौपाल से निश्चित रूप से अभिभावकों और शिक्षक बेहतर समन्वय बनेगाप्रधान शिक्षक जावेद खां द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी ग्राम प्रधान का बुके भेंट कर स्वागत किया गया व विद्यालय के समस्त शिक्षकों के द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किये गयेविद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वच्छता पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## पैदल जा रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हसनगंज थाना क्षेत्र के अजगैन मोहान मार्ग पर गुरुवार देर शाम पैदल आ रहे अधेड़ किसान को अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चंदेसुवा गांव के रहने वाले अधेड़ सुरेंद्र देर शाम नई सराय गांव से पैदल जा रहा था। तभी मोहान की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन घायल को नई सराय गांव स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बाद घर लेकर चले गए। जहां देर रात हालत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। मौत को लेकर पत्नी सीमा व चार बच्चे माधुरी, यश, मधु व छोटे सहित अन्य परिजन रो रो कर बेहाल होते रहे। मृतक सुरेंद्र किसानी करके परिवार का पालन पोषण करता था। इंस्पेक्टर राजेश सिंह ने बताया कि पिता चंद्रशेखर की तहरीर पर अज्ञात वाहन पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

## कीचड़ में पैर फसने से युवक गिरा, हुई मौत

उन्नाव। गिरने के कारण पैर दर्द की शिकायत पर निजी अस्पताल में भर्ती युवक की हालत और बिगड़ गई। रेफर करा कर परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थें जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शव लेकर वापस लौटे परिजन की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। मामला हसनगंज कोतवाली के कोईया मदारपुर गांव का है। कोइया मदारपुर निवासी अवसान (21) पुत्र अवधेश कुमार मजदूरी करता था। बीती 12 सितंबर को बारिश के दौरान कीचड़ में पांव फिसलने से वह गिर गया था। बुधवार देर रात जांघ में अत्यधिक दर्द होने पर पत्नी लक्ष्मी ने उसे हसनगंज के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरुवार सुबह उसकी हालत और बिगड़ गई। जिस पर परिजनों से सलाह मशवरा कर वह अवसान को उपचार के लिए लखनऊ ले जा रही थी।

## परंपरागत तरीके से निकाली जाएगी श्री कृष्ण की शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गाँव हफीजा बाद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद निकाली जाने वाली झाकिया व शोभायात्रा इस वर्ष भी परम्परागत तरीके से सोलह सितंबर शनिवार को निकाली जाएगी जो हरदोई उन्नाव रोड से होते हुए बलखंडेश्वर मन्दिर तक जाकर पूर्व प्रधान पुष्कर शुक्ला के घर पर समाप्त होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व प्रधान ने बताया कि दोपहर बाद लगभग 2बजे झाँकिया व शोभायात्रा निकाली जाएगी और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर जिले के कई जनप्रतिनिधियों के अलावा अन्य विशिष्ट लोगों के आने की भी सम्भावना है। शोभायात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## रूपयो के लेनदेन को लेकर तीन भाईयो में जमकर हुई मारपीट, एक की मौत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कस्बा स्थित पश्चिम टोला में छह माह पूर्व मार्ग दुर्घटना में हुई मां की मौत के बाद बीमा के मिले दो लाख रुपए को लेकर तीन भाइयों के बीच चले लाठी ,डंडे व सरिया चल गए ।मारपीट में एक भाई की जिलाअस्पताल में मौत हो गई ।पुलिस ने दो भाइयों व भतीजे को हिरासत में लिया है ।कस्बा के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी तीन भाइयों में राज बहादुर ओमप्रकाश व छोटे भाई रामाआसरे के बीच गुरुवार शाम समय लगभग 6 बजे किसी बात को लेकर कहा सुनी होने लगी ।कहासुनी के दौरान बात बढ़ने से तीनो भाइयों के बीच लाठी ,डंडे व सरिया चल गई ।जिसमें रामाआसरे गंभीर रूप से घायल हो गया ।बचाने दौड़ी राजबहादुर की 15 वर्षीय पुत्री मनीषा भी घायल हो गई ।आसपास के लोगो की मदद से रामाआसरे व मनीषा को सीएचसी लाया गया ।जहां रामाआसरे की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिलाअस्पताल रेफर कर दिया ।जिलाअस्पताल में डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।रामाआसरे की मौत से पत्नी गुडिया ,पुत्री काजल व सौम्या का रो रोकर बुराहाल है ।मृतक की पत्नी गुडिया दही स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करती है ।जबकि रामाआसरे भी मजदूरी करता था ।कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि अभीतक कोई तहरीर नहीं मिली है ।तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पात्र धारकों से आवास के नाम पर की धन वसूली, दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

बंगाराम, उन्नाव। नगर पालिका के अंतर्गत मोहल्ला पटेल नगर में पूर्व सभासद द्वारा प्रधानमंत्री आवास में जमकर अवैध वसूली की लूट घसोट की गई जिसको लेकर लाभार्थियों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी व जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र लेकर जांच कार्यवाही की मांग उठाई और जो पैसा लिया गया उसको वापस करने की लिए कहा गया मगर दबंग पूर्व सभासद द्वारा लगातार प्रार्थना पत्र देने वाले को मिल रही धमकियों और प्रार्थना पत्र वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।

नगर पालिका परिषद के अंतर्गत मोहल्ला अंबेडकर नगर व पटेल नगर में प्रधानमंत्री आवास में दस हजार से लेकर लगभग चालिस हजार की मांग की जा रही है जिसको लेकर लाभार्थियों ने जिला अधिकारी व अधिषाशी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जांच कर कार्यवाही की मांग उठाई थी जिन लाभार्थियों से पूर्व सभासद द्वारा पैसा लिया गया है उसको वापस करने के लिए भी उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया गया था मगर दबंग पूर्वसभासद जिन लाभार्थियों ने प्रार्थना पत्र उच्च अधिकारियों को दिया है उनकी जांच आई है पूर्व सभासद व उनके गुर्गे लगातार प्रार्थना पत्र देने वालों पर प्रार्थना पत्र वापस लेने का दबाव बना रहे हैं जिससे लाभार्थी बहुत ही परेशान है और इधर-उधर से धमकियां भी मिल रही है। लाभार्थियों ने बताया की फोन व घर पर आकर लोग प्रार्थना पत्र वापस लेने की बात कर रहे हैं मगर लाभार्थियों का कहना है मैं प्रार्थना पत्र वापस नहीं लूंगा।

## पांच खुलेआम हरे पेड़ काट रहे हैं लकड़ी माफिया



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सीएम योगी करोड़ों का बजट देकर हरे पेड़ों को लगाने और संरक्षित करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं. वहीं उन्नाव के बांगरमऊ के मदरनगर गांव में पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है. वन दरोगा पप्पू यादव से पूछने पर पता चला कि हर जगह निगरानी नही की जा सकती ।वहीं पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से हरे पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है. प्रतिबंधित पेड़ों पर वन माफियाओं द्वारा खुलेआम आरा चलाने का काम किया जा रहा है।

# वृद्धआश्रम में संस्था के लोगो ने किया फल वितरण

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के तकिया निगोही गाँव में स्थित वृद्धआश्रम में कई संस्थाओं के लोगों ने पहुंचकर फल वितरण करके आशीर्वाद लिया। शुक्रवार को सफीपुर के महात्मा गाँधी इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य नेमसिंह, ग्रीन सिटी सोसाइटी के रिजवान अहमद, न्यू एम्स अस्पताल तकिया के डायरेक्टर आदर्श यादव, तथा समाजसेवी जिया उल हक आदि ने वृद्धआश्रम पहुंचकर केला सेव आदि फल बुजुर्गों को वितरित कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर आश्रम के पी एन सिंह ब्रजेश कुमार तथा अन्य कर्मी व वृद्ध और ग्रामीण मौजूद रहे।

## चालकों के आपसी विवाद में हाइवे पर लगा जाम

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। कानपुर लखनऊ हाइवे पर एक ट्रक की लखनऊ जा रहे दूसरे ट्रक से भिड़ंत हो गई। जिस पर चालकों में गाली गलौज शुरू हो गई। काफी देर तक गाली गलौज होने के बाद दोनों ने हाइवे पर ट्रक खड़े कर दिये और मारपीट करने लगे। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में हाइवे पर वाहनों की कतारें लग गई। जाम की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस के आने से पहले दोनों चालक मौके से भाग निकले। इस दौरान काफी देर तक हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लंबी दूरी के बसों के अलावा कई वीआईपी भी फंसे रहे।

## एक इंस्पेक्टर व 12 दरोगा को एसपी ने किया इधर से उधर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अपराध को रोकने और लम्बे समय से एक ही थाने, चौकी में जमे दरोगाओं का एसपी ने तबादला कर सूची जारी की है। जिसमें कई दरोगा ऐसे भी है, जो काफी समय से एक ही थाने पर जमे थे। अब उन्हें दूसरे थाने पर ही तैनाती दी गई है। तबादले की सूची में शिकायत होने वाले एक दरोगा का भी स्थान्तरण कियागया है।

एसपी ने तबादले की लिस्ट जारी कर तत्काल प्रभाव से आदेश के पालन को भी कहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने अपराध पर लगाम लगाने के मद्देनजर एक इंस्पेक्टर, 12 दरोगा समेत 13 कर्मियों कोइधर से उधर किया गया है।

तबादले की सूची में इंस्पेक्टर भीम शंकर मिश्र को चौकी प्रभारी औद्योगिक थाना दही से प्रभारी डीसीआरबी, चौकी प्रभारी बदरका थाना अचलगंज अरविंद कुमार सिंह को चौकी प्रभारी औद्योगिक थाना दही, नवाबगंज चौकी इंचार्ज रवि शंकर मिश्र को चौकी प्रभारी बदरका थाना अचलगंज, पुलिस लाइन में तैनात दरोगा धर्मेंद्र नाथ मिश्र को चौकी प्रभारी नवाबगंज थाना अजगैन, लाइन में तैनात दरोगा राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी को थाना फतेहपुर चौरासी, विनोद कुमार को थाना बारासगवर, संतोष कुमार राय को थाना बिहार, रामनिवास सिंह को थाना गंगाघाट, कृष्णकांत को थाना गंगाघाट, राम सजीवन मौर्य को थाना कोतवाली, मोहम्मद कल्लन को थाना आसीवन, राजेंद्र सिंह को थाना दही, राम आनंद को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी दरोगा खेड़ा थाना दही भेजा है। तबादले की सूची जारी कर एसपी ने कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

## रेलवे पुल के नीचेअज्ञात युवक का मिला शव

अमन लेखनी समाचार



शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे सीताराम कॉलोनी स्थित रेलवे पुल के नीचे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ था। शव के ऊपर चादर पड़ी थी। जिस पर आस पास के लोगों ने चादर को हटाया और शव मिलने की सूचना पर आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। जिसके बाद उसकी तलाशी ली। जहां उसके पास से एक पत्र मिला। जिसमे टीबी से बीमार होने की बात लिखी हुई थी। दरोगा रमन कुमार ने बताया कि मृतक के पास एक कागज का टुकड़ा मिला। जिसमें लिखा था कि उसको टीवी है और उसका कोई वारिश नहीं है। पुलिस ने पहचान न होने पर शव को 72 घंटे तक मक्र्युरी में रखवा दिया है।

## चालकों के आपसी विवाद में हाइवे पर लगा जाम

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। कानपुर लखनऊ हाइवे पर एक ट्रक की लखनऊ जा रहे दूसरे ट्रक से भिड़ंत हो गई। जिस पर चालकों में गाली गलौज शुरू हो गई। काफी देर तक गाली गलौज होने के बाद दोनों ने हाइवे पर ट्रक खड़े कर दिये और मारपीट करने लगे। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में हाइवे पर वाहनों की कतारें लग गई। जाम की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस के आने से पहले दोनों चालक मौके से भाग निकले। इस दौरान काफी देर तक हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लंबी दूरी के बसों के अलावा कई वीआईपी भी फंसे रहे।

## चिंतन

# हंगामा करके संसद की गरिमा को ठेस न पहुंचाएं

संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। जहां से देश की व्यवस्था चलती है, लेकिन बीते कुछ सालों से संसद की गरिमा प्रभावित हुई है। संसद में हंगामा करने के लिए किस तरह नित-नए बहाने तलाशे जाते हैं। कभी किसान आंदोलन तो कभी उद्योगपति अडाणी के चलते ससंद का पूरा का पूरा सत्र ही खराब हो जाता है। जब मकसद हर हाल में हंगामा करना ही हो तो फिर बहाने खोजना कठिन काम नहीं। बात विपक्ष या सत्ता पक्ष की नहीं है। सदन में केवल और केवल हंगामा ही नजर आ रहा है। कायदे से हंगामा करने वाले सांसदों के खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए, लेकिन जब भी ऐसा होता है, तब हंगामा करके अपने निलंबन को निमंत्रण देने वाले सांसद यह रोना रोने लगते हैं कि उन्हें बोलने से रोका जा रहा है। इतने से भी संतोष नहीं होता तो आपातकाल लग जाने या फिर तानाशाही कायम हो जाने का शोर मचाया जाने लगता है। हैरत नहीं कि हंगामा करके संसद न चलने देने वाले सांसद यह मानकर चल रहे हों कि वे अपने उद्देश्य में सफल हैं। बड़ी बात नहीं कि उनके नेताओं की ओर से उन्हें शाबाशी भी मिल रही हो। चूंकि राजनीतिक दल संसद में हंगामा करने को एक तरह की उपलब्धि मानने लगे हैं, इसलिए संसदीय कार्यवाही का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। यदि इस गिरावट को रोका नहीं गया तो ऐसी भी स्थिति बन सकती है कि संसद के चलने या न चलने का कोई महत्व न रह जाए। अब मानसून सत्र को ही लें। यह सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 17 बैठकें होंगी। केंद्र सरकार मानसून सत्र में 31 बिल ला रही है। इनमें 21 नए बिल हैं वहीं 10 बिल पहले संसद में किसी एक सदन में पेश हो चुके हैं। उन पर चर्चा होगी। सबसे ज्यादा चर्चित बिल दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़ा अध्यादेश है, लेकिन सदन में जिस तरह के हालात हैं, उससे तो कहीं नजर नहीं आता कि चर्चा हो भी पाएगी या नहीं। इससे पहले पूरे देश ने देखा कि संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण बिना किसी विशेष कामकाज के समाप्त हो गया। जहां विपक्ष अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी से कराने की अपनी मांग को लेकर हंगामा करता रहा, वहीं सत्तापक्ष इस मांग पर अड़ा रहा कि राहुल गांधी अपने उस बयान के लिए माफी मांगें जो उन्होंने लंदन में दिया था। अच्छा होता कि संसद में लगातार हंगामा होते देखकर इस सत्र को तय समय के पहले ही खत्म कर दिया जाता। इससे और कुछ नहीं तो सरकारी कोष का कुछ धन ही बच जाता। संसद न चलने देने के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का जो काम कर रहे हैं, उसका औचित्य इसलिए नहीं, क्योंकि कहीं न कहीं दोनों पक्ष ही इसके लिए जिम्मेदार हैं। सत्ता पक्ष का काम जहां सदन को चलाना है वहीं विपक्ष का कार्य सरकार का सहयोग करना होता है, लेकिन हो रहा है इसके उलट। अब मानसून सत्र को ही लें। विपक्ष मणिपुर को लेकर लालपीला हो रहा है, होना भी चाहिए। देश के किसी भी राज्य में कानून व्यवस्था और आम आदमी की सुरक्षा बड़ा मुद्दा है, लेकिन इसके लिए राज्यसभा के सभापति के आसन के आगे आकर नारेबाजी को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। विपक्ष का काम सरकार से सवाल करना है, हंगामा करना नहीं। इसी हंगामे के चलते जब सभापति ने आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ कार्रवाई की तो पूरा विपक्ष ही शेरगुल पर उतर आया। दोनों पक्षों को न केवल संसद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए, बल्कि यह भी सोचना चाहिए कि देशवासियों ने उन्हें सदन में हंगामा नहीं विकास करने के लिए भेजा है। हंगामे से न केवल देश की छवि खराब हो रही है बल्कि देशवासियों के खून पसीने की कमाई की भी बर्बादी की हो रही है।

## सारा संसार



तमिलनाडु के कोयंबटूर शहर के केंद्र में स्थित है; श्री अय्यप्पन मंदिर एक महत्वपूर्ण मंदिर है जो भगवान श्री अयप्पा को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि इसे 20 वीं शताब्दी के मध्य में एक ट्रस्ट द्वारा स्थापित किया गया था, जिसे श्री धर्म संस्था भक्त जन सभा कहा जाता है।

## प्रसारण दिवस

प्रत्यूष शर्मा



# देश के 99 प्रतिशत लोगों तक रेडियो की पहुंच

म प्रतिवर्ष 23 जुलाई को भारत में राष्ट्रीय प्रसारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। रेडियो एक ऐसा माध्यम है जिसमें हर वर्ग यानि बच्चों, युवाओं, वयस्कों औऱ बुजुर्गों के लोगों के लिये सूचना, जानकारी औऱ मनोरंजन सभी तरह के कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। देश में आज एफएम और निजी चैनलों की भरमार है, लेकिन एक वक्त था, जब समाचार और मनोरंजन का एकमात्र साधन रेडियो और दूरदर्शन ही हुआ करते थे। रेडियो के आविष्कारक मारकोनी ने पहली बार इटली में 1895 रेडियो सिग्नल भेजा था। हमारे देश में रेडियो की शुरुआत कुछ यूँ हुई।

भारत में सबसे पहले रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे के रेडियो क्लब ने किया था। जुलाई 1923 में जब भारत पर ब्रिटिश का राज था उसी समय भारत में रेडियो प्रसारण की बात शुरू हुई, जो 23 जुलाई 1927 को बम्बई (अब मुंबई) में भारतीय प्रसारण सेवा के नाम से शुरू हुई औऱ 26 अगस्त 1927 को कोलकाता से भी रेडियो प्रसारण शुरू हो गए। देश में रेडियो प्रसारण की शुरुआत मुंबई और कोलकाता में सन 1927 में स्थापित दो निजी ट्रांसमीटरों से की गई। 1930 में इसका राष्ट्रीयकरण हुआ औऱ सरकार ने इन्हें अपने अधीन ले लिया और इनका नाम बदलकर भारतीय प्रसारण सेवा कर दिया। 8 जून 1936 को रेडियो को एक नया नाम मिला यानि ऑल इंडिया रेडियो, जिसे हम आकाशवाणी के नाम से भी जानते हैं। 1930 में इसका राष्ट्रीयकरण हुआ औऱ सरकार ने इन्हें अपने अधीन ले लिया और इनका नाम बदलकर भारतीय प्रसारण सेवा कर दिया। 1936 में इसका नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया। फिर 1957 में इसका नाम बदल कर आकाशवाणी रखा गया। सरकारी प्रसारण संस्थाओं को स्वायत्तता देने के इरादे से 23 नवंबर 1997 को प्रसार भारती का गठन किया गया, जो देश की एक सार्वजनिक प्रसारण संस्था है और इसमें मुख्य रूप से दूरदर्शन और आकाशवाणी को शामिल किया गया है। आकाशवाणी, केन्द्रीय सरकार के प्रसार और सूचना मंत्रालय के अधीनस्थ एक विभाग है।

ऐसा माना जाता है कि भारत की जनसंख्या के 99 प्रतिशत लोगों तक रेडियो की पहुंच है। रेडियो प्रसार का एक ऐसा माध्यम है जिसकी पहुंच आज टीवी और समाचार पत्र से भी अधिक है। इस वर्ष भारत में रेडियो प्रसारण के लगभग 96 वर्ष हो जाएंगे।



## गरीबी उन्मूलन

डॉ. अश्विनी महाजन

# दुनिया को भारत से सीखना चाहिए

**नरेंद्र मोदी सरकार का बहुआयामी गरीबी के निर्धारकों पर विशेष ध्यान रहा। आज भारत में बाल मृत्यु दर घटकर मात्र 1.5 प्रतिशत रह गई है, जो 2015-16 में 2.2 प्रतिशत थी। यह भारतीय बच्चों के पहले से बेहतर स्वास्थ्य का जीता जागता सबूत है। पोषण और कुपोषित बच्चों के प्रतिशत में भी भारी सुधार हुआ है, जो 2005-06 में 44.3 प्रतिशत से घटकर 2015-16 में 21.1 प्रतिशत और 2019-21 में केवल 11.8% रह गया है। आवास की बात करें, तो पिछले 8 वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण दोनों मिलाकर लगभग 3 करोड़ घर बनाए गए हैं, जिस पर केंद्र द्वारा 5 लाख करोड़ रुपये की सहायता दी गई है।**

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा प्रकाशित बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 रिपोर्ट में भारत की इस बात के लिए सराहना की गई है कि उसने गरीबी उन्मूलन में अन्य देशों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। 2015 में, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से एसडीजी 1, में उम्मीद की गई थी कि दुनिया में 2030 तक सभी प्रकार की गरीबी समाप्त हो जायेगी। वर्ष 2023 की रिपोर्ट इस लक्ष्य के लिए निर्धारित 15 वर्षों के लगभग मध्य में आई है, जिसमें इस बात पर संतोष व्यक्त किया गया कि वैश्विक स्तर पर इस लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूएनडीपी गरीबी की एक परिभाषा का उपयोग करता है, जिसे बहुआयामी गरीबी कहा जाता है। यह परिभाषा सभी देशों के लिए समान है। विश्व के विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा उपयोग की जाने वाली गरीबी की भिन्न-भिन्न परिभाषाओं के कारण गरीबी का एक समान आकलन संभव नहीं हो पाता है और इसके कारण विश्व के विभिन्न देशों के बीच तुलना करना भी कठिन है।

यूएनडीपी के बहुआयामी गरीबी माप में कई अभाव तत्व शामिल हैं, जो सभी देशों में समान हैं। इसमें पोषण, बाल मृत्यु दर, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, रसोई ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास और संपत्ति शामिल हैं। गौरतलब है कि विभिन्न देशों में डेटा की उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग वर्षों में बहुआयामी गरीबी का अनुमान लगाया गया है। अतः यूएनडीपी के आंकड़ों से किसी एक वर्ष में विभिन्न देशों में गरीबी का तुलनात्मक अध्ययन संभव नहीं है। विभिन्न देशों के लिए यूएनडीपी के पास उपलब्ध प्रारंभिक डेटा 2005-06 से 2019-21 तक है। इसलिए रिपोर्ट में प्रकाशित आंकड़ों से यह पता लगाना संभव नहीं है कि एक निश्चित अवधि के दौरान दुनिया के सभी देशों में तुलनात्मक रूप से गरीबी कितनी और कब कम हुई है। भारत के संदर्भ में, यूएनडीपी डेटा तीन वर्षों, 2005-06, 2015-16 और 2019-21 का विवरण देता है। इस डेटा के मुताबिक भारत में साल 2005-06 में 55.1 फीसदी आबादी यानी 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से पीड़ित थे। 10 साल बाद 2015-16 में यह आंकड़ा 27.7 फीसदी यानी 37 करोड़ तक पहुंच गया। इन 10 वर्षों के दौरान गरीबी के प्रतिशत में कमी की दर सालाना 6.6 प्रतिशत रही। लेकिन 2015-16 से 2019-21 की अवधि में बहुआयामी गरीबी से पीड़ित गरीबों का अनुपात घटकर जनसंख्या का केवल 16.4 प्रतिशत रह गया और गरीबों की संख्या घटकर केवल 23 करोड़ रह गई। यानि सिर्फ 5 साल में 14 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए और गरीबी कम होने की रफ्तार बढ़कर सालाना 10 फीसदी से भी ज्यादा हो गई। यह बताना महत्वपूर्ण है कि 2015-16 और 2019-21 के बीच केवल 5 वर्षों में गरीबों की संख्या में 38 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसमें एक वर्ष से अधिक की सबसे खराब महामारी भी शामिल है। ऐसे में यह समझना




जरूरी होगा कि इस दौरान ऐसा क्या खास हुआ कि गरीबी कम करने में अभूतपूर्व तेजी आई, जिससे यूएनडीपी को भारत की तारीफ करनी पड़ी।

ये भारत के लिए तो अच्छी खबर है ही, दुनिया के लिए भी अहम है। चूंकि यूएनडीपी ने बहुआयामी गरीबी के जो आंकड़े प्रकाशित किए हैं, वे अलग-अलग वर्षों के हैं, यूएनडीपी द्वारा मूल्यांकन किए गए 81 देशों (जिनके बारे में एजेंसी ने डेटा प्रकाशित किया है) के 150.8 करोड़ गरीब लोगों में से 64.5 करोड़ लोग भारत से थे। यानी इन 81 देशों के 42.8 फीसदी से ज्यादा गरीब भारत में रहते थे। लेकिन यूएनडीपी के ताजा आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के इन 81 देशों में गरीबों की कुल संख्या अब घटकर 97.4 करोड़ रह गई है, लेकिन इसमें उल्लेखनीय और दिलचस्प तथ्य यह है कि इस संख्या में भारत का योगदान केवल 23 करोड़ ही है। यानी अब इन 81 देशों के केवल 23.7 प्रतिशत गरीब लोग ही भारत से आते हैं। इसका मतलब यह भी है कि बहुआयामी गरीबी के तहत लोगों की संख्या में कुछ अन्य देशों का योगदान पहले से ही बढ़ गया है। इतना ही नहीं, जहां 81 देशों का संयुक्त बहुआयामी गरीबी सूचकांक अब 0.275 से घटकर 0.203 पर आ गया है, वहीं भारत का सूचकांक 2005-06 में 0.283 से घटकर 2015-16 में 0.122 और 2019-21 में सिर्फ 0.069 पर आ गया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। यह भारत के लिए गर्व की बात है और दुनिया के लिए चिंता का कारण है। दुनिया को इससे सबक लेने की जरूरत है कि उसे भी भारत की तर्ज पर बहुआयामी गरीबी दूर करने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार का बहुआयामी गरीबी के निर्धारकों पर विशेष ध्यान रहा। आज भारत में बाल मृत्यु दर घटकर मात्र 1.5 प्रतिशत रह गई है, जो 2015-16 में 2.2 प्रतिशत थी। यह भारतीय बच्चों के पहले से बेहतर स्वास्थ्य का जीता जागता सबूत है। पोषण और कुपोषित बच्चों के प्रतिशत में भी भारी सुधार हुआ है, जो 2005-06 में 44.3 प्रतिशत से घटकर 2015-16 में 21.1 प्रतिशत और 2019-21 में केवल 11.8% रह गया है। आवास की बात करें, तो पिछले 8 वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण दोनों मिलाकर लगभग 3 करोड़ घर बनाए गए हैं, जिस पर केंद्र द्वारा 5 लाख करोड़ रुपये (लगभग 60 अरब डॉलर) की सहायता दी गई है। कोरोना के कारण सबके लिए पक्के आवास का लक्ष्य समय पर पूरा नहीं हो सका, लेकिन अब तक मुश्किल से कुछ लाख लोग ही बचे हैं जिनके पास पक्का घर नहीं है। यूएनडीपी के अनुसार वर्ष 2015-16 में कुल 23.5 प्रतिशत आबादी पक्के घरों से वंचित थी और 2019-21 में केवल 13.6 प्रतिशत रह गई।

नरेंद्र मोदी सरकार की एक और महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल पर तेजी से काम हुआ है और अब यूएनडीपी के अनुसार 2019-21 में केवल 2.7 प्रतिशत आबादी सुरक्षित पेयजल से वंचित थी। स्वच्छता की बात करें तो पिछले 8 वर्षों में 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को 9.59 करोड़ गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं और मार्च 2023 तक देश में कुल 31.26 करोड़ एलपीजी गैस कनेक्शन थे। ऐसा माना जाता है कि हमारी आबादी का बहुत कम प्रतिशत बचा है जिसके पास एलपीजी गैस कनेक्शन के रूप में स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच नहीं है। आज देश के दूर-दराज के गांवों तक भी बिजली पहुंच चुकी है और सरकार का दावा है कि देश के 100 प्रतिशत गांवों में बिजली पहुंच चुकी है। ये दुनिया के लिए एक सबक है। बहुआयामी गरीबी को भी दूर किया जा सकता है, इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और आवश्यक प्रयासों की जरूरत है।

## शिव कोई नाम नहीं है




संकलित

दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है।

## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नदियों को स्वच्छ रखना जरूरी


अक्सर यह भी देखा गया है कि धार्मिक आयोजनों में उपयोग की जाने वाली सामग्री या सामान को लोग धार्मिक आयोजन के संपूर्ण होने के बाद या तो किसी पानी की नहर में या फिर नदी में फैंक देते हैं। कुछ लोग तो सूखी हुई नहर में ही यह सामग्री डाल देते हैं, फिर यह क्या पाप हुआ या पुण्य? लोग गंगा नदी के किनारे जाते हैं पुण्य कमाने, लेकिन गंगा में पॉलीथीन या अन्य गंदगी डालने से भी परहेज नहीं करते। हमारा फर्ज है कि हम नदियों को स्वच्छ रखें। जिससे वातावरण स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। और नदी और तालाब का पानी भी स्वच्छ रह पाएगा।

-जयंती कुमार, रायपुर

## करंट अफेयर


### ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका से 20 हरक्यूलिस विमान खरीदेगा

ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि वह 6.6 अरब अमेरिकी डालर की लागत से अमेरिका से 20 नये सी-130 हरक्यूलिस विमान खरीदेगा। इन विमानों की खरीद के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई वायुसेना के दूसरे सबसे बड़े भारी परिवहन विमानों के बेड़े में दो तिहाई की वृद्धि हो जाएगी। अमेरिका की ओर से बड़े स्तर पर लॉकहीड मार्टिन निर्मित 24 विमानों की बिक्री की कांग्रेस द्वारा पिछले साल दी गयी मंजूरी के बाद यह घोषणा की गई है। रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने बताया कि चार इंजन वाले नये हरक्यूलिस का पहला विमान 2027 में मिलने की उम्मीद है।



## ऑफ बीट

### चार लाख साल पहले हरा-भरा था ग्रीनलैंड



लगभग 400,000 साल पहले, ग्रीनलैंड के बड़े हिस्से बर्फ-मुक्त थे। द्वीप की उत्तर-पश्चिमी उच्चभूमि पर झाड़ीदार टुंड्रा सूर्य की किरणों का आनंद लिया करता था। साक्ष्य बताते हैं कि कीड़ों से गुलजार स्प्रूस पेड़ों का जंगल, ग्रीनलैंड के दक्षिणी हिस्से में फैला हुआ था। उस समय वैश्विक समुद्र का स्तर बहुत अधिक था, आज के स्तर से 20 से 40 फुट ऊपर। दुनिया भर में, वह भूमि जो आज करोड़ों लोगों का घर है, पानी में डूबी हुई थी। वैज्ञानिक काफी समय से जानते हैं कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पिछले दस लाख वर्षों में किसी न किसी समय गायब हो गई थी, लेकिन निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि यह कब गायब हुई थी।

## ट्रेंड

### एजेंडे की राजनीति



गृहमंत्री ने बहुत शालीनता के साथ विपक्ष द्वारा उठाई जा रही चर्चा की मांग को स्वीकार किया। लोस अध्यक्ष ने विपक्ष से चर्चा को सुचारू चलाने के लिए अनुरोध किया, लेकिन जिनका एजेंडा राजनीति हो, उन्हें राष्ट्र-नीति समझ नहीं आती है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### मणिपुर में क्या हो रहा



चलिए मान लेते हैं कि बिहार, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हुईं। यह मणिपुर में जारी हिंसा को कैसे माफ़ करता है? क्या घाटी में कोई कुकी बचा है? क्या चुराचंदपुर में कोई मेइती बचा है?

-पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता

### मानव बुद्धि अव्वल



मानव बुद्धि ज्ञात ब्रह्मांड में सबसे बड़ी क्षमता रखती है, बशर्ते हम इसका सचेत रूप से उपयोग करें। इस दुनिया में मानव से ज्यादा सर्तक और सचेत कोई और नहीं है। इंसान अपनी बुद्धि का उपयोग कौशलता व मानवता से करे।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### मुझे एक्स पसंद



यह निश्चित नहीं है कि किस सूक्ष्म सुराग ने इसे रास्ता दिया, लेकिन मुझे अक्षर एक्स पसंद है। आज रात से हमारा मुख्यालय एक्स से सजा होगा। यदि एक्स किसी भी चीज की शैली के करीब है, तो वह निश्चित रूप से आर्ट डेको होना चाहिए।

-एलन मस्क, उद्योगपति

## संक्षेप

### ओ लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को निःशुल्क ओ लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 20 सितम्बर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए श्री कुमार ने बताया कि ऐसे अभिभावकों जिनकी वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे। श्री कुमार ने बताया कि आनलाइन आवेदन के पश्चात अभ्यर्थियों को पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 20 सितम्बर 2023 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना होगा।

### खेत में काम कर रही महिला की मौत

अमेठी जिला, अमेठी के खेत में काम कर रही महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की खेत में अचेत पड़े जानकारी मिलते ही परिजन खेत में पहुंचे। महिला को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल महिला की मौत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आशंका जताई जा रही है कि किसी जहरीले जंतु के काटने से महिला की मौत हुई है। पूरा मामला अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भीखनपुर गांव का है। जहां की रहने वाली 45 वर्षीय महिला हमीनुद निशा पत्नी रफीक अहमद खेत में काम करने गई थी। जहां संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन जगदीशपुर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### अम्बेडकरनगर में ईवीएम मशीन की जांच करने पंहुचे इंजीनियर

अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दिया है। प्रशासन ने ईवीएम मशीन को दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दिया है। कलेक्ट्रेट के वेयर हाउस में रखी ईवीएम की जांच करने बंगलुरू से आठ इंजीनियरों की टीम पहुंची है। यह टीम खराब ईवीएम को ठीक भी करेगी। वहीं इनके सहयोग के लिए 70 सफाईकर्मियों के साथ ही तीन अवर अभियंता व नौ कर्मचारियों को तैनात किया गया।

# खेतों में लहलहाने लगा डीएसआर, विधि से बोया गया धान

## डीएसआर विधि से धान लगाकर कम लागत में बेहतर लाभ उठाएं किसान



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। डॉक्टर रेड्डी फाउंडेशन और कोटवा एग्री साइंस के संयुक्त तत्वावधान में डब्ल्यू आरजी परियोजना के अंतर्गत बहराइच जिले के 9 ब्लॉकों में डॉक्टर रेड्डी फाउंडेशन संस्था द्वारा किसानों को उन्नत कृषि द्वारा वैज्ञानिक विधि से धान की सीधी बुवाई पद्धती से धान की खेती करने को प्रोत्साहन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शिवपुर ब्लॉक में इस वर्ष किसानों ने लगभग 350 एकड़ के सीधी बिजाई कराई है। सीधी बुवाई में कम लागत आती है और फसल भी काफी अच्छी दिखाई दे रही है कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत, डॉ एस बी सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह ने किसानों से मुलाकात की ।वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. शशिकांत ने धान की परंपरागत विधि की तुलना में धान की सीधी बुवाई के द्वारा कृषक बंधुओं को कम समय, कम श्रम, कम लागत एवं कम पानी के द्वारा धान की खेती सफलतापूर्वक कर सकते हैं। इस विधि में नर्सरी नहीं लगानी पड़ती, खेत में पानी का भराव नहीं करना पड़ता, लेवा नहीं बनाना पड़ता है, मजदूरों से छुटकारा, समय की बचत, पर्यावरण की सुरक्षा होती है। कृषि वैज्ञानिक डा. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि धान की सीधी बुवाई आज के परिवेश में बढ़ती हुई कृषि लागत मजदूरों की समस्या को ध्यान में रखते हुए आज की जरूरत बन गई है। कृषि वैज्ञानिक डा. एस. बी. सिंह ने धान की सीधी बुवाई के माध्यम से होने वाले लाभ के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की। मल्टी क्रॉप प्लांटर के विषय में कृषकों को जानकारी प्रदान करते हुए एफ एफ राकेश कुमार ने बताया कि इस मशीन के माध्यम से कृषक बंधु कम समय में ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रफल की बुवाई कर सकते हैं एवं मिथेन गैस से होने वाले पर्यावरण नुकसान को कम कर सकते हैं ।किसानों के साथ सीधी बुवाई के प्लाट का भ्रमण किया और किसानों को रोपाई और सीधी बुवाई वाले प्लाट का तुलनात्मक अध्ययन कराया। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को धान की सीधी बिजाई से होने वाले लाभों पर विस्तारित चर्चा की और किसानों को इस समय धान में लगने वाले किट और रोगों की पहचान कराई ।तथा उपचार भी बताया। इस, अवसर पर संतोष कुमार वर्मा, रमेश कुमार वर्मा, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार द्विवेदी, आदि किसान एवम डॉ रेड्डी फाउंडेशन से फार्म फैसिलिटेटर राकेश कुमार यादव ब्लाक शिवपुर मौजूद रहे।

# मंडलीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की फिजिकल एवं फाइनेंशियल रिव्यू बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। शुक्रवार को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉक्टर एचडी अग्रवाल की अध्यक्षता में मंडलीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की फिजिकल एवं फाइनेंशियल रिव्यू बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच के सभागार में किया गया। बैठक में मंडल स्तर पर वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियां की समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को प्रगति में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में मंडल स्तर पर गर्भवती पंजीकरण, ई कवच पोर्टल, आरसीएच पोर्टल, आयुष्मान भव अभियान, डीवीडीएमएस पोर्टल, जन आरोग्य समिति, परिवार नियोजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, आरबीएसके वाहन अनुबंध, पर्यवेक्षक चेकलिस्ट, ऋफव की क्रियाशीलता ल्हछ पोर्टल पर दावों की उपलब्धता एवं ई संजीवनी पर टेली कंसल्टेशन आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। डॉ अग्रवाल ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर विद्युत कनेक्शन शत प्रतिशत सुनिश्चित करना है एवं सभी सी एच ओ को लैपटॉप जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर जन आरोग्य समिति का खाता जल्द से जल्द खुलवाया जाए एवं ई संजीवनी पर टेली कंसल्टेशन अधिक से अधिक किया जाए सभी मंडलीय पर जिला स्तरीय अधिकारी सपोर्टिंग सुपरवीजन की चेकलिस्ट भरना सुनिश्चित करें एवं साथ ही सभी प्रथम संदर्भ इकाइयों की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रावस्ती सभी जिलों के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक, मंडलीय लेखा प्रबंधक, मंडलीय अर्बन हेल्थ कंसलटेंट, मंडलीय फैमिली मैनेजर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस, प्रबंधक जिला अकाउंट मैनेजर समेत सभी कार्यक्रमो के कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

# शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन नैट परीक्षा सकुशल सम्पन्नः बीईओ

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को विकास खंड में निपुण आकलन परीक्षा (एनएटी) आयोजित की गई। विभाग के निदेशों के अनुसार प्रत्येक छात्रों कों ओएमआर सीट पर स्वयं प्रश्नों के उत्तर भववाए गए ।नैट परीक्षा पारदर्शी व शुचितापूर्ण आयोजन कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में निपुण एसेसमेंट टेस्ट की परीक्षा संपन्न हुई। जिला पूर्ति अधिकारी बहराइच व बीईओ राधेश्याम वर्मा द्वारा विभिन्न विद्यालयों में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सारी व्यवस्थाएं सही पाई गई, बच्चे शुचितापूर्ण एवं नकल विहीन परीक्षा देते हुए व सभी पर्यवेक्षक अपने - अपने कक्षा में मौजूद मिले। बीईओ श्री वर्मा ने बताया कि 15 सितम्बर कों शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के प्राथमिक



विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा एक-तीन तक की निपुण एसेसमेंट टेस्ट परीक्षा हो रही है। और 16 सितम्बर (शनिवार) कों कक्षा चार - आठ की परीक्षा होंगी। इस अवसर पर शिक्षक अरविंद वर्मा, जीतेन्द्र कुमार शर्मा, वैभव सिंह विशेन, विनोद गिरि, विपुल सिंह, अलोक वर्मा, सुग्रीव वर्मा, सत्यभानु, विनय सिंह, तबस्सुम खानम उपस्थिति रहे।

# एमकेएबी एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्वच्छ भारत मिशन प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**प्रदर्शनी का अवलोकन कर मुख्य अतिथि ने की सराहना**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। तेजवापुर ब्लॉक में स्थित ग्राम मिजार्पुर के एम.के.ए.बी. एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्वच्छ भारत प्रदर्शनी कार्यक्रम विद्यालय के अध्यक्ष विश्वम्भर दयाल मौर्य की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें मुख्य अथिति भाजपा के जिला कार्य समिति सदस्य प्रोफेसर कृष्ण कुमार व विशिष्ट अथिति पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत इशाद खान रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल शिवानी श्रीवास्तव नें किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्रों द्वारा स्वच्छ भारत के मॉडल, नुक्कड़ व कहानियाँ नाटक प्रस्तुत किये। कार्यक्रम कि शुरूआत मुख्य अथिति द्वारा सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके की। प्रबंधक द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा लगाए गए मॉडल की सराहना करते हुए मुख्य अथिति प्रोफेसर कृष्ण कुमार नें कहा की ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और बच्चे अपने घर विद्यालय आदि में भी साफ सफाई रखते है। स्वच्छ भारत अभियान उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत का निर्माण करना। विशिष्ट अथिति नें स्वच्छता ही सेवा है, गन्दगी जानलेवा है ।हर नागरिक का हो ये सपना, स्वच्छ हो सम्पूर्ण भारत अपना। का नारा कहते हुए विशिष्ट अथिति इशाद खान नें कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। स्वच्छता रखने से न तो बीमारियाँ बढ़ती हैं, न पेयजल और खाद्य पदार्थ दुषित होते हैं और न पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे मानव जीवन सुखमय बनता है। इसी कड़ी विद्यालय के संरक्षक अनिल कुमार मौर्य, कार्यवाहक प्रबंधक आशीष कुमार मौर्य, अध्यापक निखिल कुमार मौर्य, सोलानी श्रीवास्तव, निशा मौर्य, ललिता मौर्य, अरविन्द चौधरी, महेंद्र मौर्य, सोनी यादव मोइनुद्दीन अंसारी, प्राची, मनोज कुमार यादव आदि लोगो नें भी स्वच्छ भारत पर अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर पूर्व प्रधान प्रेम नारायण यादव, ममता, छात्र खुशी बाजपेई, आकाश यादव, रियांशी मौर्या, सेजल मौर्य, अमन यादव, पियूष मौर्य, पिंकी यादव आराधना कौलिक, गणेश व अभिभावक गण मौजूद रहे।

# दरगाह क्षेत्र के मेडिकल स्टोर में की गयी छापेमारी की कार्यवाही



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। गरीब नवाज मेडिकल स्टोर दरगाह शरीफ भिन्गा रोड बहराइच की प्राप्त शिकायत का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के आदेश के क्रम में नायब तहसीलदार सदर सुरेन्द्र प्रसाद यादव के नेतृत्व मे औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण व पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा गरीब नवाज मेडिकल स्टोर की सघन जांच की कार्यवाही की गयी। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर पर काफी मात्रा मे नशीली दवा व कालातीत दवाएं पायी गयी, जिसे नायब तहसीलदार व औषधि निरीक्षक द्वारा सीज कर दिया गया है। फर्म स्वामी द्वारा मौके पर दवा के क्रय, विक्रय का अभिलेख प्रस्तुत नही किया गया। जॉच आख्या के अनुसार पृथक से कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार प्राप्त शिकायतो के क्रम मे आगे भी जनपद मे निरन्तर कार्यवाही जारी रहेगी।

# फरीदपुर के नौगवां में 15 दिन में दूसरी बार तनाव

- **मंदिर में आरती को लेकर दूसरे समुदाय ने किया पथराव, सीबीगंज में भी चले ईंट पत्थर**

अमन लेखनी समाचार



बरेली, बरेली के दो अलग अलग स्थानों पर पथराव में 6 लोगों को अरेस्ट किया गया है। सीबीगंज इलाके में महिलाओं ने गाली गलौज करते हुए एक दूसरे के घरों र पर पथराव किया। इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसके बाद पुलिस ने पांच महिलाओं को चिन्हित किया है। वहीं देहात क्षेत्र में फरीदपुर क्षेत्र के नौगवां में आरती बजाने को लेकर दो समुदाय आमने सामने आ गए, जिसके पथराव किया गया। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर 5 लोगों को अरेस्ट किया है। फरीदपुर थाना क्षेत्र के नौगवां में मंगलवार देर शाम मंदिर में आरती चल रही थी। इस बीच दूसरे समुदाय के लोग वहां से जा रहे थे। जहां धर्मस्थल के बाहर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने विहिप कार्यकर्ता को गाली दी। जिसके बाद गांव के लोगों ने विवाद निपटा दिया। रात में फिर से दोनों समुदाय में विवाद हुआ। दूसरे समुदाय के लोगों ने पथराव करते हुए कहा कि नमाज के समय आरती के लिए आवाज तेज कर दी जाती है। जिसमें पुलिस ने मोहम्मद मुबारक, सद्दाम, बाबू, तहसीम, आसिफ दिलशाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं मिथलेश, भूपराम और लालाराम के चोट लगी। सावन माह में भी नौगवां गांव में विवाद हो चुका है। जिसमें डीजे बजाने को लेकर दोनों समुदाय आमने सामने आ गए थे। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत करा दिया था। सीओ गौरव कुमार का कहना है कि गाली गलौज और मारपीट का मामला है। पथराव नहीं किया गया। पहले भी इनका विवाद हो चुका है। जिसमें कुछ लोग मामले को तूल देने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने दूसरे समुदाय के 6 लोगों को हिरासत में लिया है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के बादशाह नगर की वीडियो वायरल हो रही है। जिसमें महिलाएं गाली गलौज करते हुए छतों से ईंट पत्थर फेंक रही है। मंगलवार को दोनों पक्षों में गाली गलौज हुई थी। जिसमें रामचरण पक्ष का पड़ोसी राकेश और सोनू से पहले भी विवाद हो चुका है। मंगलवार शाम दोनों पक्षों की महिलाओं में कहासुनी हुई। जिसके बाद छतों पर चढ़कर महिलाओं ने गाली गलौज कर पथराव कर दिया।

# यूथफेस्ट के अन्तर्गत आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

## प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उ०प्र० राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी द्वारा यूथफेस्ट के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में 4 प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रेड रन प्रतियोगिता में महराज सिंह इण्टर कालेज के रंजीत कुमार को प्रथम व अमरदीन को तृतीय तथा राम प्रकाश इण्टर कालेज के करन भारती द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता में राजकीय इण्टर कालेज व महराज सिंह इण्टर कालेज को संयुक्त रूप से प्रथम तथा श्रीमती दुलारी देवी रनजीत सिंह शिक्षण संस्थान, कैलाश नगर को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अलावा रेड ड्रामा प्रतियोगिता में राजकीय इण्टर कालेज को प्रथम, श्रीमती दुलारी देवी रनजीत सिंह शिक्षण संस्थान, कैलाश नगर को द्वितीय तथा महराज सिंह इण्टर कालेज को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। रेड रील मेकिंग प्रतियोगिता में महराज सिंह इण्टर कालेज को प्रथम, राजकीय इण्टर कालेज की बहराइच को द्वितीय व श्रीमती दुलारी देवी रनजीत सिंह शिक्षण संस्थान, कैलाश नगर को तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा पुरस्कार, प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज व राजकीय बालिका इण्टर कालेज मौजूद रहे। जबकि प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में राजकीय इण्टर कालेज की अध्यापिका शिप्रा चौधरी, तारा इण्टर कालेज से नीलम, श्रीमती दुलारीत देवी रनजीत सिंह शिक्षण संस्थान, कैलाश नगर के दुर्गेश कुमार शुक्ल, महराज सिंह इण्टर कालेज से रामपाल यादव व अरविन्द कुमार वर्मा ने सहयोग किया। इस अवसर पर जिला क्षय नियंत्रण केन्द्र से अरविन्द कुमार शुक्ला, फार्मासिस्ट बृजेन्द्र कुमार ओझा, पर्यवेक्षक ओमेन्द्र तिवारी, जिला समन्वयक कृष्ण कुमार वर्मा, मनोज कुमार चौधरी, प्रवेश कुमार व परवेज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# हार्ट सर्जन डॉक्टर मोहम्मद मुबीन की निशुल्क ओपीडी का उद्घाटन

## यह सुविधा स्वागत योग्य, पर मरीजों को इलाज में रियायत भी मिले : सांसद लल्लू सिंह

अमन लेखनी समाचार




अयोध्या, नाका स्थित सीताराम मेडिकल सेंटर अयोध्या में देश के माने जाने हार्ट सर्जन डॉक्टर मोहम्मद मुबीन की निशुल्क ओपीडी आज से प्रारंभ हो गई है। ओपीडी से पहले सांसद लल्लू सिंह ने ह्रदय को कैसे सुरक्षित रखे व्याख्यान सत्र का उद्घाटन किया ।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि यह अयोध्या के लिए बेहद फायदेमंद बात है कि ख्यातिप्राप्त कार्डियक थोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जन डॉक्टर मोहम्मद मुबीन अयोध्या में सेवा देंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को अपनी सेवा अयोध्या में देंगे ।इसका लाभ अयोध्या के लोगो को मिलेगा ।साथ ही अयोध्या के मरीजों को इलाज में रियायत भी मिले। यहां के लोग ह्रदय के आपरेशन के लिए 3 लाख की रकम नहीं दे पाऐग। हर आदमी ने अपनी आय से ज्यादा खुद पर कर्ज ले रखा है। ऐसे में मंहगा ईलाज कराना उसके लिए बहुत मुश्किल काम है। आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने ओपीडी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कि रोड सुरक्षा के लिए ड्राइवर को सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बीमारी, तनाव और नींद के दौरान हमें वाहन नहीं चलाना चाहिए। हमें अपने दिल में चिकनाई, कोलस्ट्राल आदि हानिकारक चीजों को जगह नहीं देनी चाहिए ।सड़क दुर्घटना के दौरान आस पास खड़े लोगो को तत्काल दुर्घटना स्थल पर पहुंच कर लोगो की मदत करनी चाहिए। ह्रदय को कैसे सुरक्षित रखे इस व्याख्यान में वेल्सन मेडिसिटी हॉस्पिटल के कार्डियक साइंस के चेयरमैन डॉक्टर मोहम्मद मुबीन ने कहा कि शुगर और बीपी को कंट्रोल रखकर ह्रदय को सुरक्षित रखा जा सकता है ।45 वर्ष के बाद साल में एक बार ह्रदय की जांच जरूर करवानी चाहिए ।ओवर वेट न हो इसके लिए खान पान का विशेष ध्यान रखे ।साथ ही नियमित व्यायाम करना चाहिए। वहीं पूर्व सीएमओ डॉ नानक सरन ने कहा की डा मोहम्मद मुबीन अयोध्या में प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक ओपीडी सीताराम मेडिकल सेंटर में करेंगे । डॉक्टर मोहम्मद मुबीन की अगली ओपीडी दिनांक 06 अक्तूबर को दोपहर 11 से 3 बजे तक ह्रदय के मरीज की होगी। उसके बाद नवंबर माह से दूसरे शनिवार को ओपीडी होगी। वेल्सन मेडिसिटी हॉस्पिटल की तरफ से शहर के 6 शख्सियत को सम्मानित वेल्सन अवार्ड फॉर एक्सीलेंस 2023 से सम्मानित किया। इसमें यूपी टैक्स बार संगठन एक्ट एंड रूल कमेटी के चेयर मैन आनंद कुमार सिंघल, हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट पर काम करने वाले चंदशेखर वर्मा, लावारिश डॉग की सेवा करने वाले जयराम मोटवानी, पत्रकारिता में जगत वी एन दास, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, रमेश कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया।

# सपा विधायक अताउर्रहमान समेत पांच पर एफआईआर

- **बहेड़ी के पूर्व चेयरमैन पति नसीम अहमद ने कराया केस, निकाय चुनाव में हत्या के लिए भिजवाए थे गुर्गे**

अमन लेखनी समाचार



बरेली, बरेली की बहेड़ी विधानसभा से सपा विधायक अताउर्रहमान समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया गया है। आईजी रेंज डॉ राकेश कुमार के आदेश पर यह एफआईआर दर्ज गई है। जिसमें बहेड़ी के पूर्व चेयरमैन पति नसीम अहमद ने आईजी को लिखित में शिकायत पत्र दिया था। इससे पहले भी इसी साल फरवरी माह में सपा विधायक पर बहेड़ी थाने में ही जानलेवा हमले का भी मुकदमा दर्ज किया गया था बहेड़ी थाने में सपा विधायक अताउर्रहमान, शहजाद, मोहम्मद तारिक लाड़ी, पूर्व निकाय चुनाव प्रत्याशी अंजुम रशीद और इमरान अकेला के खिलाफ यह केस दर्ज किया गया है। पूर्व चेयरमैन पति नसीम अहमद ने बताया कि तीन माह पहले निकाय चुनाव के दौरान जब वोट मांगने गया तो आरोपी घर मे घुस आए। पहले धमकी दी और उसके बाद जान से मारने की नीयत से शहजाद, जिसके हाथ में तमंचा था ने गोली मारने की धमकी थी। भीड़ ने शहजाद को तमंचे के साथ पकड़ लिया। यह देखकर गेट पर खड़ा तारिक लाड़ी गेट से भाग गया। शहजाद से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि सपा विधायक और और अंजुम राशिद यहां भेजा है। आरोपी द्वारा यह बात कहे जाने की मौके पर वीडियो भी बनाई गई। जिसमें बताया गया कि आरोपी इमरान अकेला ने हत्या करने के पैसे दिए थे, और इसी के उद्देश्य से शहजाद को भेजा था। पीड़ित द्वारा आईजी को यह भी बताया गया कि यह लोग पहले भी धमकी दे चुके थे। पूर्व चेयरमैन पति ने बताया कि सपा विधायक और निकाय प्रत्याशी अंजुम रशीद के द्वारा यह लोग हत्या करने के इरादे से भेजे गए।

अतः इन सभी पर कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने सपा विधायक समेत पांचो आरोपियों पर धारा 452, 506 और 120 बी के तहत के केस दर्ज किया है। सपा विधायक समेत 4 पर 26 फरवरी 2023 में भी बहेड़ी थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी ।पीड़ित अनीस अहमद ने बहेड़ी थाने में तहरीर थी कि सपा विधायक अताउर रहमान निवासी बहेड़ी, रफीक अहमद, रहीस अहमद, आसिम ने बंधक बनाकर मारपीट की और गोली चलाई। पुलिस ने जानलेवा हमले मे पुलिस ने एफआईआर की थी।

# संक्षेप

## पांच कमरों का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों के गहनों की हुई चोरी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने घरवालों को बाहर से कुंडी लगाकर पांच कमरों में भीषण चोरी किया, जिसमें नगदी समेत लाखों के गहने भी चोर उठा ले गए। गगहा थाने में दिए गए तहरीर के अनुसार गगहा थाना क्षेत्र के डिहुलपार निवासी कुलदीप गिरि पुत्र नवनाथ गिरि के घर में सो रहे सदस्यों के कमरे में कुंडी लगा कर चोर गुरूवार की रात पांच कमरों का ताला तोड़कर नकदी सहित लाखों रुपए के गहने उठा ले गये। शाम को भोजन के बाद सभी लोग अपने-अपने कमरे में सोये थे। इस दौरान घर में घुसे चोरों ने कुलदीप गिरि सहित उनके माता पिता के कमरे में बाहर से कुंडी लगा कर चोर अन्य कमरे में रखे आलमारी को खोलकर 70000/? नकदी सहित साढे.तीन लाख के गहने सोने का हार, माला, अंगुठी, झुमका, बिछुआ, पायल उठा ले गये। घटना की जानकारी तब हुई जब रात दो बजे पीड़ित जब वे लघु शंका के लिए उठे। उन्होंने घटना की जानकारी रात में ही प्रधान सहित पुलिस को दे दिया है। पुलिस मामले छानबीन में जुटी हुई है।

## दो बाइक सवार में टक्कर, एक की मौत एक घायल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत भरसाड चौराहे के पास दो बाइक सवार की आपस में टक्कर होने एक कि मौत हो गयी। दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया है। जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी से ग्राम पंचायत भरसाड़ टोला गोपालापुर निवासी बालेन्द्र यादव उर्फ भुअर पुत्र रामबुझारत यादव 45 वर्ष जो सहजनवा किसी कार्य से आये हुए थे। कार्य निपटाने के बाद घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान सत्यम शर्मा पुत्र वीरेंद्र शर्मा 18 वर्ष बाइक से सहजनवा आ रहा था। दोनो भरसाड़ स्थित अंबेडकर चौराहे पर पहुचे इस दौरान दोनो बाइक सवार में जोरदार टक्कर हो गयी। और दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनो को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते मे बालेन्द्र यादव उर्फ भुअर की मौत हो गयी। मृतक चार भाई में तीसरे नम्बर का था। दो पुत्र भी है। दूसरे घायल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## पानीपत में महिला हेड कॉन्स्टेबल पर अत्याचार

पानीपत, पानीपत के समालखा कस्बे में हरियाणा पुलिस में तैनात एक महिला हेड कॉन्स्टेबल पर उसके ससुराल वालों ने दहेज के लिए अत्याचार किया। पति ने उसे छोड़ दिया और किसी दूसरी शादीशुदा महिला के साथ रहने लगा। इस बात में ससुराल वाले पति का साथ देते हैं। इतना ही नहीं, दहेज की मांग के लिए उसे ससुराल से बाहर निकाल दिया गया। उसे पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

# भाकियू लोक शक्ति की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा स्थित प्रेस कार्यालय कैम्प भाकियू लोकशक्ति का संगठन विस्तार के लिए बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों का मनोनय किया गया। सिद्धि किन्नर को पूर्वांचल महिला प्रकोष्ठ का संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। हरिश्चंद्र पांडेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, वीपी लहरी प्रदेश महासचिव, राम नरायन सिंह मण्डल अध्यक्ष, रमेश चन्द्र त्रिपाठी प्रदेश सचिव कृष्णमणि त्रिपाठी तहसील अध्यक्ष, बेचन शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री, मनोनीत किया गया। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक मुन्ना बिजय मिश्रा मण्डल प्रभारी बस्ती सन्तोष पाण्डेय जिला अध्यक्ष बस्ती दिलीप किसन पूर्वांचल अध्यक्ष ईन्देश कुमार ज़िला अध्यक्ष गोरखपुर मेजर चन्द्र काश उपाध्याय प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र भारती मण्डल प्रभारी गोरखपुर जयप्रकाश तिवारी प्रदीप कुमार राय दयाराम शर्मा मण्डल अध्यक्ष जवाहर शर्मा राष्ट्रीय संरक्षक मुन्ना पांडेय की अध्यक्षता में मनोनय किया गया है।

## विवाहिता ने लगाई फांसी, भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र की विवाहित महिला ने आपसी विवाद के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। प्राप्त सूचना के आधार पर पाजूपार निवासी आशुतोष पाण्डेय पुत्र सन्त पाण्डेय की शादी बड़हलगंज थाना क्षेत्र के पटना घाट निवासी रीमा पाण्डेय के साथ चार वर्ष पूर्व हुई थी। गुरूवार की दोपहर दो बजे पारिवारिक विवाद के बाद वह अपने कमरे में चली गई और कुंडी में फंदा लगाकर लटक गयी, किन्तु जब काफी देर बाद दरवाजा नहीं खुला तो परिजन दरवाजा खोलकर अंदर गये तो बहू फंदे से लटकी हुई थी। घर वाले बिना पुलिस को सुचना दिए शव के दाह संस्कार लिए जा रहे थे। तब तक रीमा के मायके वाले गगहा थाने पर पहुंचकर रीमा को मारकर शव ले जाने की बात बतायी सूचना मिलते ही गगहा पुलिस मौके पर पहुंची तो दरवाजे पर शव नहीं था गांव के बाहर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पास एक तीन साल की पुत्री है। मृतका का पति ट्रक चालक है वह घर नही था घर पर देवर व सास ही रहतीं थीं। मृतका के भाई गणेश तिवारी की तहरीर पर गगहा पुलिस ने सास ससुर व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सास व देवर को गिरफतार कर लिया है।

# गोरखपुर मंडल का नाम रोशन कर रहा कुशीनगर का युवा

### मंडल के सभी जिलों में अब तक करीब 2500 से अधिक योग क्लास लगा चुके हैं योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। कुशीनगर जिलें के फाजिलनगर विकास खंड के गांव कुचिया मठिया निवासी योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति योग के क्षेत्र में अपने जिलें के साथ पूरे गोरखपुर मंडल का नाम रोशन कर रहें हैं। इतना ही नहीं गोरखपुर मंडल के अलावा पूवार्चंल के अन्य जिलों जैसे मऊ, गाजीपुर, बलिया, भदोही, सुल्तानपुर, मिजार्पुर, सोनभद्र आदि में भी पतंजलि युवा भारत व ओम फिटनेस योग संस्थान के माध्यम से योग क्लास लगा चूकें हैं। गौरतलब हैं कि बीते पांच सालों से योग के माध्यम से योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति ने अब तक करीब हजारों लोगों को योग सीखाने के साथ उनके कई प्रकार के बिमारियों को दूर करने में अपना अहम योगदान दें चुकें हैं। बताते चलें कि योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति के पिता रामजतन प्रजापति पेशे से किसान हैं। धर्मेंद्र वाणिज्य से पीजी, बीएड व योग से डिप्लोमा करके सीमित संसाधन में समाज की बेहतरी के लिए बीते वर्ष 2018 से जुटे हुए हैं। और अब तक करीब 150 से अधिक शिविर व 100 से अधिक विद्यालयों में कुल 2500 से अधिक निःशुल्क योग क्लास लगा चुके हैं। योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति ने बताया कि वर्तमान में वह ओम फिटनेस योग संस्थान के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहें हैं। उन्होंने ने बताया कि वह इस समय गोरखपुर के नौका विहार, तारामंडल, बेतियाहाता, पंत पार्क, सहारा स्टेट, वी पार्क आदि जगहों पर हर रोज सुबह शाम निशुल्क योग क्लास के माध्यम से अपने साधकों के साथ अपनी सेवाएं दे रहें हैं। बताया कि योग के माध्यम से बहुत सारे बिमारियों का इलाज संभव हैं। इतना ही नहीं उनका मूल उद्देश्य गुरु कृपा से गोरखपुर मंडल नगरी को हरिद्वार नगरी जैसे बनाने वह रोगों से मुक्त मंडल बनाने का हैं। उन्होंने ने बताया कि कोई व्यक्ति अगर योग करना चाहें उनके संस्थान के नियमानुसार जुड़ कर लाभ प्राप्त कर सकता हैं।

## युधिष्ठिर सिंह के दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत विडार निवासी युधिष्ठिर सिंह को दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बीजेपी कार्यकताओं में खुशी की लहर है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने लोगों में बांटी मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। प्रभाकर दुबे ने कहा कि- भाजपा नेतृत्व ने दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनाकर अपना विश्वास व्यक्त किया है। हम सभी मिलकर पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व को सभी कार्यकताओं के तरफ से बहुत बहुत आभार है। उक्त अवसर पर घघसरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे के अलावा रामजनक मौर्य, हरिकेश मौर्य, बिनोद कुमार पांडेय, विजय कुमार मिश्र, शिवचरन, शिव प्रसाद तिवारी, सत्यदेव, प्रदीप सिंह, ध्रुव नारायण शुक्ला, डब्लू भट्ट, राधेश्याम मद्धेशिया, गणेश निषाद समेत कई लोग मौजूद थे।

## दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। दहेज में दो लाख की मांग पूरी न होने पर ससुराल के लोगो ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित ससुराल के तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न तथा जान मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सुधा पुत्री नेबुलाल निवासी बधाई लखुआपाकड थाना बेलघाट की शादी मोनू निवासी बिगही थाना घनघटा जिला सन्तकबीरनगर के साथ हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक ठाक चला इसके बाद ससुराल के लोग 2 लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने मार पीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद पति गीडा थाना क्षेत्र के मल्हीपुर में किराए के मकान में लेकर रहने लगे, और गीडा स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करने गये। कुछ दिन बाद विवाहिता भी गीडा के एक फैक्ट्री में मजदूरी करने लगी।




उसी दौरान पति मंगलसूत्र और 5 हजार रुपया लेकर फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मोनू पुत्र रामसूरत, रामसमुझ पुत्र रामबेलास, मीरा देवी पत्नी रामसूरत के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## इंदिरा स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण आज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। आधारशिला के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर सम्पन्न हुए इन्दिरा स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दिनांक 16 सितम्बर दिन शनिवार को सायंकाल 6 बजे तारामंडल स्थित राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर के शोध ग्रंथालय सभागार में मुख्य अतिथि वरिष्ठ चित्रकार एवं आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डा सुदिप्ता बी भूषण, विशिष्ट अतिथि उप निदेशक राजकीय बौद्ध संग्रहालय डॉ. यशवंत सिंह राठौर एवं आधारशिला के संरक्षक पूर्व वायुसेना अधिकारी प्रेम नारायण श्रीवास्तव के द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक एवं संस्थाध्यक्ष डा रुप कुमार बनर्जी करेंगें।

## सरस्वती देवी इंटर कालेज के छात्रों को संचारी रोग के नियंत्रण की शपथ दिलाई गई



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली में संचारी रोग अभियान को लेकर सरस्वती देवी इंटर कालेज में छात्रों को जागरूक करके अभियान की सफलता के लिए छात्रों को शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य अखिलेश सिंह ने शपथ दिलाते हुए कहा किहम शपथ लेते है कि हम अपने गांव, ब्लॉक, जिला और देश को रोग मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, हम व्यक्तिगत साफ सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने गांव और मुहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे। अपने आसपास के लोगो को साफ सफाई के प्रति जागरूक करेंगे। इस दौरान रामाकांत सिंह, रामेश्वर सिंह, दयाराम, उदयभान, धर्मेंद्र, राधा मद्धेशिया, अभय त्रिपाठी, शाहबुद्दीन, अनुपमा सिंह सहित अन्य लोगमौजूद रहे।

# गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। वर्ष 2023-24 के लिए गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार दिये जाने हेतु उत्तर प्रदेश निवासरत नागरिकों/महानुभावों से दिनांक 23 सितंबर के सायं तक राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर में प्रस्ताव/आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते हैं। अर्हता एवं शर्तें निम्नवत हैं:-

1. भारत का मूल नागरिक हो।
2. उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो।
3. मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो।
4. गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार न दिया जा चुका हो।
5. ऐसे महानुभाव/व्यक्ति जिनके सम्बन्ध में उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला प्रचलित/लम्बित हो और किसी अपराधिक मामले में न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया हो, अर्ह नहीं होंगें।

पात्र महानुभावों/व्यक्तियों द्वारा जिनके द्वारा मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया गया है, से तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्य आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने होगें। आवेदन पत्र पॉच प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर से प्राप्त किया जा सकता है।

# ग्राम पंचायतों में गूंजी मेरी माटी मेरा देश की जागरूकता बहार

## अमृत कलश के साथ जगह-जगह निकाली गई शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद में जिलाधिकारी श्रुति शर्मा के निर्देशन पर समूचे जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है वहीं अन्य विकासखंडों के साथ-साथ अमौली विकासखंड का नेतृत्व कर रहे खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान के सर्वेक्षण में विकास खंड के ग्राम पंचायत अमौली बुढ़वा नसेनिया मवई भरसा बबई बिरनई जजमोइया कोठा बखरिया रोटी आदि ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों समेत विभागीय अधिकारियों ने शोभायात्रा निकाली विकासखंड के ग्राम पंचायत सिकंदरपुर में समाजसेवी पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह अजय राज सिंह समेत ग्राम सचिव प्रधान के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई वही ग्राम पंचायत बुढ़वां में ग्राम प्रधान सनोज कुमार ग्राम सचिव रोजगार सहायक जैनेंद्र कुमार पंचायत सहायक शिवकरण आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीरा देवी शशी देवी आशा मनोज कुमारी पुष्पा देवी समेत सभी कर्मचारियों की मौजूदगी में कलश यात्रा निकालकर गांव की मिट्टी तथा अक्षत एकत्र किए गए चलते कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नसेनिया में ग्राम प्रधान मीरा देवी ने भी अपने पति नवल विश्वकर्मा तथा सहयोगी अधिकारी कर्मचारियों के साथ भव्य शोभायात्रा संपूर्ण ग्राम पंचायत में निकली अमौली ग्राम पंचायत का नेतृत्व कर रही ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर के साथ पूर्व जिला मंत्री भाजपा साहब सिंह गौतम महिला मोर्चा उत्प्रेक्षा त्रिवेदी प्रधान पति प्रकाश चंद्र ग्राम सचिव पंचायत सहायक ग्राम पंचायत बिरनई में ग्राम प्रधान सिया देवी प्रधान पति समाजसेवी श्रीकांत उत्तम ने अपने ग्राम सचिव तथा पंचायत सहायक ग्रामीण मोनू द्विवेदी समेत कर्मचारियों की मौजूदगी में सुंदर अमृत कलश निकालकर संपूर्ण नगर में शोभायात्रा निकाली विकासखंड के सभी ग्राम पंचायतों में यह भव्य शोभायात्रा निकाली गई जहां गांव के नागरिकों से चुटकी भर मिट्टी तथा अक्षत चावल अमृत कलश में लेकर शोभायात्रा आगे बढ़ी

## बीजेपी ने मुखलाल पाल के सिर पर बांधा फतेहपुर का ताज

### नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष की घोषणा होते ही जनपद में समर्थकों में दौड़ी खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद के जिला अध्यक्ष पद के लिए दर्जनों लोगों ने महीनों से दावेदारी पेश की थी जहां वर्तमान जिला अध्यक्ष की भी दावेदारी प्रबल दिखाई दे रही थी परंतु उपरोक्त पदाधिकारी के निर्णय ने जनपद को अचानक चकाचौंध कर दिया भारतीय जनता पार्टी के निर्णय के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अन्य जनपदों के साथ फतेहपुर जनपद में सभी के दावों को फेल करते हुए वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मुखलाल पाल को जिला अध्यक्ष घोषित किया घोषणा होते ही समूचे जनपद के चारों ओर नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई उत्तर प्रदेश राज्य के पूर्व मंत्री जनपद के विधायक समाजसेवी समेत हजारों की संख्या में लोगों ने व्हाट्सएप फेसबुक ट्विटर के माध्यम से नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष को हार्दिक शुभकामनाएं दी नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष ने भी जनपद की जनता का आभार व्यक्त करते हुए समूचे कार्यकाल में उत्कृष्ट कार्य करने का आश्वासन दिया

## गोधरौली में तीन दिन से पेयजल आपूर्ति ठप्प

अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर। विकास खण्ड मलवां के अन्तर्गत पांच हजार से अधिक आबादी वाले गांव गोधरौली में तीन दिन तक पीने के पानी की आपूर्ति ठप्प होने के कारण अधिकांश ग्रामीणों को मजबूरन गांव का प्रदूषित पानी पड़ा। खण्ड विकास कार्यालय व तहसील को सूचना न होने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी का टैंकर भी नहीं आ सका। ज्ञात हो कि ग्राम गोधरौली के भूगर्भ से निकलने वाले पानी में भारी मात्रा में प्रदूषण पाए जाने के कारण प्रशानिक स्तर पर यहां का पानी पीने के प्रयोग में बहुत पहले रोक लगा दी गई थी और ग्राम लोधनपुरवा की पानी की टंकी से पूरे गांव को पेयजल आपूर्ति होने लगी थी।

### पेयजल आपूर्ति ठप्प होने का कारण

गांव के सम्भ्रांत व्यक्ति जयप्रकाश शुक्ला ने बताया है कि लोधनपुरवा में स्थापित पानी की टंकी में कार्यरत पम्प




ऑपरेटर आनन्द कुमार को करीब एक वर्ष से वेतन नहीं मिला है, इसीलिए ग्राम गोधरौली को तीन दिन तक पानी नहीं मिला। स्मरण रहे कि लोधनपुरवा ग्राम गोधरौली का ही मजरा है, और पम्प ऑपरेटर का वेतन ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान के द्वारा मिलने की बात कही गई है। जबकि ग्राम प्रधान चन्दन दिवाकर ने बताया है कि बिजली खराब होने के कारण पेयजल आपूर्ति ठप्प रही है। 33 / 11 केवी विद्युत उपगृह दुगार्गंज में कार्यरत विद्युत कर्मी रामकिशोर राजपूत ने बताया है कि उक्त पानी की टंकी के लिए अलग से विद्युत ट्रांसफार्मर लगा है जहां विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है। लोधनपुरवा गांव का ट्रांसफार्मर खराब था जिसका पानी की टंकी से कोई लेना देना नहीं है। वहीं पर पम्प ऑपरेटर आनन्द कुमार ने बताया है कि ह्र उसे एक साल से वेतन नहीं मिला है, उसके परिवार का पालन पोषण करने में दिक्कतें आ रही हैं, कई बार ग्राम प्रधान से कहा लेकिन कोई सुनवाई नही हुई

## जागरण के साथ संपन्न हुआ विशाल भंडारा

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, 5फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद के लालागली स्थित मां अन्नपूर्णा धाम में आयोजित विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया और विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि भाजपा नेता अखिलेश कुमार बाजपेई की ओर से गणेश पूजा से की गई कार्यक्रम में बाहर से आए कानपुर के विख्यात कलाकारों द्वारा आयोजित विशाल रात्रि जागरण का आयोजन हुआ जिसमें नीलम गायिका और अभिषेक कुमार राधा कृष्ण व बजरंगबली अद्भुत भोलेनाथ की झांकी दिखाई गयी सर पर आग जलाकर चाय बनाने का नया दृश्य भी दिखाया गया मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। यह दृश्य देख क्षेत्र के पुरुष महिलाएं और बच्चे झूमते हुए नजर आए। क्षेत्र के हजारों लोगों ने रात्रि जागरण में हिस्सा लिया तथा जागरण कमेटी की ओर से बाहर से आए अतिथियों का प्रतीक चिन्ह देकर और माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया जागरण में भाजपा नेता अखिलेश कुमार बाजपेई ने महिलाओं को सबसे बड़ा योद्धा बताते हुए कहा कि महिलाएं और माता ही हमारा भविष्य तय करती हैं और वही हमारी सबसे बड़ी योद्धा हैं। उनसे हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है और माता बहनों को इज्जत देने की आवश्यकता है। वही भाजपा नेता ने कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र में होते रहने चाहिए जिससे कि हिंदू रीति रिवाज जिंदा रह सकें। लोग मोबाइल और टेक्नोलॉजी के चक्कर में आस्था के केंद्रों को भूलते जा रहे हैं।

## पुलिस ने एक किलो 150 ग्राम गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी। फतेहपुर जनपद फतेहपुर के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के फिरोजपुर गांव से शुक्रवार को दिन में करीब 10:00 बजे पुलिस ने अभिषेक उर्फ पिंटू उम्र 28 वर्ष पुत्र देवी दास निवासी फिरोजपुर थाना कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर को 1 किलो 150 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया इस मामले में उपनिरीक्षक केसरी सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई न्यायालय भेज दिया गया।



खास समाचार

## अपर जिला सहकारी अधिकारी ने बनाए 33 सदस्य,66 शेयर बिके,बांटे प्रमाण पत्र

तिलोई, अमेठी। अपर जिला सहकारी अधिकारी अमेठी संतलाल ने टेढ़ई में वी पैक्स की जानकारी देते हुए मौजूद लोगों को बताया कि बीते एक सितंबर से तीस सितंबर तक समिति द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें किसानों के साथ साथ क्षेत्रीय गैर किसान भी सदस्य बन सकतें है। जो साधन सहकारी समिति से खाद बीज के साथ ही सरकार द्वारा प्रदान की जा रही अन्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। आगे जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा सितंबर माह में चलाए जा रहे अभियान में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है व सदस्य बनने के लिए 21रुपए जमा करने होंगे जो किसान वी पैक्स शेयर खरीदने के इक्षुक हैं वे एक शेयर 100 रुपए के हिसाब से खरीद सकते हैं। जिसके पश्चात 33 किसानों ने सदस्यता ग्रहण की और 66 शेयर खरीदे जिन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर समिति के सचिव रविशंकर द्विवेदी,प्रदीप गुप्ता, अध्यक्ष सुशीला देवी,शिव बख्श सिंह,अरविंद सिंह,रामचंद्र,राम सागर,राम नरेश,राम बख्श,अमित कुमार,रामकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## शिकायती प्रार्थना पत्र देकर थाना रामसनेहीघाट में दर्ज कराई गई रिपोर्ट

बाराबंकी ।तहसील सिरौली गौसपुर जनपद बाराबंकी के अंतर्गत ग्राम गाजीपुर परगना दरियाबाद तहसील सिरौली गौसपुर बाराबंकी में बीती 14 तारीख को शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे इसके बाद निस्तारण हेतु लोगों को इकट्ठा किया गया।इसके बाद ग्राम पूरेडीगुर मजरे गाजीपुर निवासी कृष्ण कुमार शुक्ला पुत्र अज्ञात द्वारा व उनके पुत्र के साथ अन्य चार व्यक्ति द्वारा मौके पर ही क्षेत्रीय लेखपाल धमकी दी गई तथा वापस अपने घर जाते समय क्षेत्रीय लेखपाल को रास्ते में रोक कर उसके ऊपर हमला कर दिया गया। जिसमें क्षेत्र के लेखपाल को चोट के साथ सरकारी दस्तावेज नोच दिया व लगभग राशि 2530 रुपए नगदी एवं चांदी का ब्रेसलेट भी छीन लिया गया तथा क्षेत्रीय लेखपाल को काम ना करने एवं फर्जी मुकदमे हरिजन एक्ट सहित अन्य तमाम धाराओं में फसाने की धमकी दी गई ।इसके बाद क्षेत्रीय लेखपाल ने पूरा मामला उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर महोदय के संज्ञान में रखते हुए कृष्ण कुमार शुक्ला व उनके पुत्र के साथ अन्य चार अज्ञात व्यक्तियों पर अपने ऊपर हमला एवं लूट के साथ फर्जी मुकदमे में फंसाने को लेकर थाना रामसनेहीघाट में तहरीर देखकर दबंग व्यक्तियों के ऊपर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाए जाने हेतु शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई ।इस मौके पर लेखपाल संघ जिलाध्यक्ष आसुतोष वर्मा, तहसील अध्यक्ष महेन्द्र जायसवाल, आशुतोष मिश्रा, दीपकनाथ पांडेय, आनन्द शर्मा, ज्ञान प्रकाश पांडेय, समर सिंह, अम्बुज मिश्रा, दीप चन्द्र आदि लेखपाल थाने पर उपस्थित रहे अब देखना यह है कि प्रशासन इतने दबंग व्यक्ति पर जो की एक सरकारी कर्मचारी को दिनदहाड़े मारपीट व लूट करने वाले व्यक्ति पर क्या कार्यवाही करती है ।

## कक्षा 1 से 3 तक हो रही निपुण एसेसमेंट टेस्ट परीक्षा



नानपारा , बहराइच। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित निपुण असेसमेंट टेस्ट परीक्षा मंडल भर में चलाई जा रही है इसी क्रम में विकासखंड बलहा के संपूर्ण विद्यालयों में आकलन परीक्षा हो रही है जिसमें कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को शामिल किया गया है ।खण्ड शिक्षा अधिकारी बलहा विभा सचान ने बताया कुल 17776 बच्चे हैं जिनमे शुक्रवार को हो रही परीक्षा में 15731 बच्चों ने प्रतिभाग किया एक प्रश्न के उत्तर में श्रीमती सचान ने बताया टेस्ट परीक्षा में नेट/स्केनिंग की जो भी समस्याएं आ रही हैं उन्हें सॉल्व किया जा रहा है।

## पांच दिवस का कृषक प्रशिक्षण अयोजित कराया गया



नानपारा ,बहराइच ।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचलित कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा द्वारा पांच दिवस का कृषक प्रशिक्षण अयोजित कराया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षा केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. शशिकान्त यादव ने की। उन्होने किसान भाइयों को गुणवत्तायुक्त बीज उगाने की सलाह दी इसके साथ साथ किसान भाइयों को फसल की बुबायी से पूर्व मृदा परीक्षा कराने की भी सलाह दी केन्द्र के वरिष्ठ शस्य वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने किसान भाईयों को बीज उत्पाडन करते समय प्रक्षेत्र प्रबन्धन के बारे में महत्तवपूर्ण जानकारी दी केंद्र के पादप प्रजनन वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार ने तिलहन फसलों की उन्नतशील प्रजातियों की जानकारी दी तथा बीज उत्पादन की विस्तृत जानकारी दी, केंद्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. एस.बी. सिंह के किसान भाइयों को बीज उत्पदान के लिए प्रक्षेत्र को किस प्रकार से तैयार किया जाए जिससे वे अच्छा उत्पादन ले सकें इसको विस्तार से बताया गया प्रशिक्षण में हरिओम चौधरी, रामप्रवेश मौर्य, दिलीप कुमार, अजीत सिंह सहित कुल 20 प्रतिभागि उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, जिला अधिकारी आर्यका अखौरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर । डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ गाजीपुर की जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। शुभारम्भ के उपरान्त महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

गाजीपुर राष्ट्रीय अभियंता दिवस के शुभ अवसर पर ई सुरेंद्र प्रताप अध्यक्ष उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ एवं एव राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद गाजीपुर के सहयोग से बिगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पी० डब्लू० डी० कार्यालय परिसर गाजीपुर में विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के कर कमलों से भारत रत्न ई० एम० विशेस्वरैया एवं ई० आर० के दत्ता के चित्र पर माल्यापर्ण एव दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने डिप्लोमा ई० महासंघ के इस सामाजिक कार्य की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि आज जो हम रक्तदान कर रहे है क्या पता हमारे परिवार में इसकी जरूरत पड जाये।उन्होने डिप्लोमा इं0जी0 संग के पदाधिकारियों को इसके सफल आयोजन पर बधाई देते उन्होने जनपदवासियों से अपील किया कि एक यूनिट रक्तदान से किसी को किसी प्रकार की हानि नही होती अधिक से अधिक युवा वर्ग इसमें हिस्सा ले तथा रक्तदान महाकुम्भ में अपनी भागीदारी निभाये।

विशिष्ट अतिथि के रूप मे मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा० आनन्द मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अधीक्षक डॉ. देश दीपक पाल व डा० राजेश सिंह ने रक्तदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के



मुख्य संयोजक- डिप्लोमा ई० महासंघ एवं राज्य कर्मचार संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष इ० सुरेन्द्र प्रताप एवं जिलामंत्री इ० ओमप्रकाश गुप्ता व बैजनाथ तिवारी के अथक परिश्रम से रक्तदान का यह कार्यक्रम अत्यन्त सफल रहा। मंचासीन अतिथिगण को बैच अलंकार, माल्यापर्ण व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, मंचासीन अतिथियों द्वारा विगत वर्ष के रक्तदाताओं का सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्त दान शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद के संरक्षक अम्बिका प्रसाद दुबे ने निभाया । विभिन्न विद्यालय के बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। रक्तदान शिविर में मुख रूप से पी० जी० कालेज, एसो० बोरिंग टेक्नीशियन संघ, राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय आई० टी० आई०, कृषि विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक संघ, विकास भवन सिंचाई संघ, जल निगम, आर० ई० डी०, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, ग्राम विकास अधिकारी संघ, समर्पण संस्था महिला विकास मंच, लुदर्श कांवेंट स्कूल, सेवा निवृत कर्मचारी एवं पेंशनर एसो० सहित कई संस्थाओं के संचालक एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को मुख्य रूप से ई० सत्यराम यादव, ई० अखिलेश यादव, ई० नंदलाल यादव, ई० प्रदीप शर्मा, मधु यादव , कु० सविता सिंह , ई० कुमारी निधि, ई गूंजा यादव, ई० अमित सिंह, ई० हरद्वारी लाल, मुक्तेश्वर श्रीवास्तव, यशोधरा वसंत, सीमा यादव, अरूण सिंह, धर्मेंद्र यादव धीरू, प्रमोद मिश्रा, जमुना यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे और इस कार्यक्रम में कुल 123 यूनिट रक्तदान किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ई० सुरेंद्र प्रताप यादव एवं संचालन अम्बिका प्रसाद दुबे एवं ई० ओमप्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

## मुक्ति संस्था ने गरीब बच्चे की फीस की जमा



### पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य भी रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय, झाँसी। मुक्ति संस्था ने गरीब बच्चे की फीस जमा कर उसके भविष्य को संवारने में योगदान दिया। मुक्ति संस्था के आग्रह पर पूर्व केंद्रीय ग्रामीण राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य सैनिक स्कूल पहुंचे और वहां के प्रिंसिपल से फीस माफ करने के संवंध में बात की।साथ ही डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह को पत्र लिखा कि गरीब बच्चे की फीस माफ की जाऐ।साथ ही उन्होंने बच्चे को स्कॉलरशिप दिलाये जाने की मांग की। संस्था के सदस्यों सहित पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने सैनिक स्कूल में पहुंचकर बच्चे की फीस बच्चे की मां के हाथों सौंपकर जमा कराई। बताते चलें मुक्ति संस्था नगर गुरसराय में विगत कई वर्षों से सराहनीय कार्य करती चली आ रही है। कोरोना काल से लेकर आज तक संस्था द्वारा कराये गये कार्य सराहनीय रहे हैं। चाहे वृक्षारोपण हो या दाह-संस्कार के लिए फ्रीजर या फिर ऑक्सीजन मशीन आदि कार्यों के साथ साथ कोरोना काल में संस्था ने कई डेड बॉडी का दाह संस्कार भी किया।सामाजिक व धार्मिक कार्यों में संस्था ने सदैव बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। झांसी में सैनिक स्कूल मुक्ति संस्था के संरक्षक प्रभात सक्सेना, अरुण गुप्ता, सुनील चौहान, सुनील जैन डीकु, अखिलेश तिवारी, संदीप श्रीवास्तव, बसंत मोदी, अरविंद हाटीवाले, रविंद्र बरसैया, अनिल शर्मा आदि साथ में मौजूद रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ सप्त ऋषि प्राण प्रतिष्ठा एवं प्रवचन का हुआ शुभारम्भ

### संनातन धर्म में जन्म लेना मेरा सौभाग्य: डॉक्टर संदीप

अमन लेखनी समाचार

झांसी। श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर नगरा हाट का मैदान, प्रेमनगर, नगरा में सप्त ऋषि प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं श्री हरि कथा प्रवचन के प्रथम दिवस पर नगरा में मूर्ति भ्रमण एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि रहे झांसी के प्रतिष्ठित समाज से भी संघर्ष सेवा समिति अध्यक्ष डॉ० संदीप सरावगी। सर्वप्रथम कार्यक्रम आयोजक पं सियारामशरण चतुर्वेदी अध्यक्ष भागवत सत्संग मंडल प्रेम नगर एवं गौ सेवा समिति समिति नगरा झांसी एवं मुख्य आचार्य पूज्य रामेश्वर दास शास्त्री गुरुजी (राजगढ़) ने डॉ० संदीप सरावगी एवं संघर्ष सेवा समिति सदस्यों का पुष्पमाला पहनकर स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात कुएं से प्राप्त भगवान की मूर्तियों का डॉ० संदीप सरावगी ने विधि विधान से पूजन अर्चन



कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ० संदीप सरावगी ने भगवान की मूर्तियों को नगर भ्रमण हेतु रथ पर सवार कराकर कलश यात्रा का शुभारभ किया। सर पर कलश लिए सैकड़ो महिलाओं की उपस्थिति में भव्य कलश यात्रा नगर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों से होते हुए अपने गंतव्य पर पहुंची। मूर्ति भ्रमण एवं कलश यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। डी०जे० की धार्मिक धुनों से गूंज उठा नगरा क्षेत्र। इस अवसर पर डॉ० संदीप सरावगी ने कहा कि सनातन धर्म में जन्म लेना मेरा सौभाग्य है, क्योंकि वेद, पुराण, रामायण एवं गीता जैसी धार्मिक पुस्तकों का अनुसरण कर हम सच्चाई के मार्ग पर चलकर अपना मार्ग प्रशस्त करते हैं। सनातन का अर्थ होता है जो आदिकाल से अनंत काल तक चला रहे। हमारा धर्म सबसे प्राचीन धर्म है हमारा धर्म हमें सिखाता है कि इस पृथ्वी पर उपस्थित सभी मनुष्य हमारे अपने हैं हमें सभी के साथ सद् व्यवहार करना चाहिए इस अवसर पर बसंत गुप्ता, राजू सेन राकेश अहिरवार, सुशांत गेंडा, धर्मेंद्र गुर्जर, नीरज सिहोतिये (सभासद, कैंट), राजीव सिंह रजक, त्रिलोक कटारिया, सचिन पाल(नगरा), शैलेंद्र राय (बबीना) एवं गीता शर्मा (नारी तू नारायणी सेवा समित), किरन गौतम, नीलू रायकवार सहित संघर्ष सेवा समिति से अन्य लोग उपस्थित रहे। सप्त मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री हरि कथा प्रवचन कार्यक्रम के संयोजक पं० रमेश चौबे पुजारी, सह आचार्य पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री रहे। कलश यात्रा को सफल बनाने में हेतु नगरा क्षेत्र के समस्त लोगों का आभार संदीप साहू ने व्यक्त किया।

# सड़क नहीं बनी तो धरने पर बैठेंगे ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

अमेठी । सड़क खराब होने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जिससे नाराज ग्रामीणों ने आर पार का मूड बना लिया है और प्रशासन को चेतन देते हुए कहा कि अगर दो दिनों में सड़क नहीं बनी मजबूर होकर ग्राम वासी धरने पर बैठ जाएंगे और स्थानीय सांसद एवं प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे । जानकारी के अनुसार मामला जिला मुख्यालय से 07 किमी दूर ग्राम सैठा पूरे रघुनाथ सिंह का है ।जहां रास्ता गड्ढे मे तब्दील हो गया है। उक्त पुरवे के बच्चे एक सप्ताह से स्कूल नही जा पा रहे हैं क स्कूली गाड़ियां भी रास्ता अत्यधिक खराब होने व बडी दुर्घटना के डर से नही आ रही है । गांव की महिलाएं, बुजुर्ग घर से नही निकल पा रहे हैं क ग्रामीणों का कहना है कि जिला



पंचायत की सड़क मुख्य मार्ग गौरीगंज अठेहा मार्ग से पूरे रघुनाथ सिंह को बननी थी जिसकी दूरी लगभग 400मीटर,जो सड़क बनी वह लगभग गांव से 200मीटर बाहर चारागाह मे बनाई गयी । जिसका कोई जरुरत व उपयोग नही है । गांव से मुख्य मार्ग या मुख्य मार्ग से गांव लगभग 300मीटर साईकिल,मोटर साईकिल,कार से पहुंचना तो मुश्किल ही पैदल भी निकल नहीं सकते ।कांग्रेस के जिला महामंत्री एवं जिला मीडिया प्रभारी अनिल सिंह जो इसी गांव के रहने वाले हैं क उनका कहना है कि इस संबंध में सीडीओ ने आश्वस्त किया था कि एक सप्ताह में सड़क ठीक करा दी जायेगी क लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से निवेदन है कि पूरे रघुनाथ सिंह का रास्ता जिला पंचायत अमेठी ने जो ध्वस्त किया है उसे जिला पंचायत तुरंत सही करा दें । जिससे लोगों के आवागमन की बाधा दूर हो सके। जिला प्रशासन को उक्त समस्या निरकारण हेतु सप्ताह भर पहले भी निवेदन किया, परन्तु जिला प्रशासन व जिला पंचायत ने कुछ नहीं किया। उक्त जनसमस्या को लेकर पहल नही हुई तो 17 सितम्बर दिन रविवार को को मुख्य मार्ग पर हम सब ग्रामवासी सांसद स्मृति ईरानी का पुतला दहन करेंगे ।

## बनकुरी केंद्र प्रथम पर किया गया बाल पुरस्कार का वितरण



अमन लेखनी समाचार

### गर्भवती धात्री महिलाओं के चेहरे पर आया मुस्कान

बहराइच विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत बनकुरी की सरकारी स्कूल में बने आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम पर कार्यरत कार्यकत्री मीना चौधरी के द्वारा गर्भवती धात्री महिलाओं व बच्चों को बाल पुष्टाहार का वितरण किया गया। बाल पुष्टाहार वितरण में आशा बहू , आंगनबाड़ी सहायिका रसोईयां, व समाजसेवी, उत्तम कुमार, की मौजूदगी में बाल पुष्टाहार का वितरण किया गया

## सांसद खेल प्रतियोगिता की तैयारी बैठक संपन्न



अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी। न्याय पंचायत स्तर पर आगामी 18 व 19 सितंबर को आयोजित होने वाली सांसद खेल प्रतियोगिता की एक तैयारी बैठक स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र सभागार में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक तारकेश्वर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र सभागार में सांसद खेल प्रतियोगिता की तैयारी बैठक आयोजित हुई। बैठक को प्रभारी युवक मंगल दल शिवम मौर्य नोडल संकुल शिक्षक विवेक मिश्र प्रदीप तिवारी अखिलेश सिंह हरि प्रसाद यादव दिनेश तिवारी पद्माकर मिश्र राजेश चौधरी आदि ने संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से निर्मल कुमार पवन कुमार सौरभ कुमार सिंह अभिमन्यु अनुराग, आनन्द, अवनीश,देव बक्स यादव , अभय प्रताप, दिलीप कुमार सहित खेल प्रतियोगिता में लगाए गए अन्य अध्यापक मौजूद रहे ।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। गरौठा तहसील के ग्राम पंचायत ककरबई में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान भारत की आजादी के 75 वर्ष एवं संस्कृति एवं उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के लिए एक राष्ट्रव्यापी और लोगों के नेतृत्व आदि के पहल के रूप में मनाया जा रहा है ।मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए ग्राम पंचायत ककरबई में कार्यक्रम का आयोजन किया ।ग्राम पंचायत में अपनी मिट्टी को नमन करना, पंच प्रण लेना, शपथ लेना और राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगा फहराया गया। गांव में राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान के तराने की गूंज सुनाई दी।इस अभियान के तहत भारतीय स्वतंत्रता



संग्राम के दौरान वीर शहीदो, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरांगनाओं के सम्मान में श्रद्धांजलि दी गई। अभियान के तहत घर-घर जाकर अमृत कलश में घर की एक एक चुटकी मिट्टी का संग्रह किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजेन्द्र तिवारी उर्फ राजू महाराज ग्राम सचिव ओमप्रकाश निरंजन , भजन साहू, चंद्रपाल अहिरवार, हरि अहिरवार, बबलू पाल, प्रकाश गुप्ता, विवेक गुप्ता, रामकुमार तिवारी, प्रदीप कुमार, प्रवीण तिवारी, इंद्रपाल बुंदेला, सुरेंद्र अहिरवार, भगोले अहिरवार,प्रमोद नापित के साथ कई लोग मौके पर उपस्थित रहे।

## पुरस्कार वितरण के साथ स्वच्छता पखवाड़े का हुआ समापन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।निगोहां के मस्तीपुर में स्थित राजकीय हाईस्कूल में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा के समापन पर छात्र-छात्राओ ने हाथो में झाड़ू लेकर सफाई अभियान चलाया ।इस मौके पर विद्यार्थियों ने स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल्स भी तैयार किए ।स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओ के विजेता विद्यार्थियों प्रिंस, अंजुम, शुभी, संध्या, फिजा, कोमल, स्वलिहा,कुनाल को प्रधानाचार्या किरन यादव ने पुरस्कृत किया ।इस मौके पर शिक्षिका आकांश पाठक ने विद्यार्थियों को स्वच्छता परमो धमःर्का संदेश दिया ।प्रधानाचार्या किरन यादव ने बताया बीते 15दिनो से चल रहे स्वच्छता पखवाड़े में विद्यालय में साफ-सफाई,पौधरोपण,गो ग्रीन,साबुन से हाथ धोने,स्वास्थ व साफ-सफाई सम्बंधी अभियान चलाकर छात्र-छात्राओ को जागरूक किया गया ।इस मौके पर शिक्षक ज्ञानेन्द्र पांडे,रमेश चन्द्र,पूजा सिंह समेत छात्र-छात्राये मौजूद रही।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. – 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



अपने अपार्टमेंट में गणेशोत्सव मनाने के लिए पंडित जी की मदद लेने सारे बच्चे उनके घर गए। पंडित जी ने उनकी इच्छा पूरा करने का वादा किया, इसके साथ ही उन्होंने गणेशोत्सव और गणेश जी के गुणों के बारे में ऐसी बातें बताईं, जिनके बारे में बच्चे जानते ही नहीं थे। कौन-सी हैं वो बातें, तुम्हें भी जरूर मालूम होनी चाहिए।

# गणेश जी की तरह तुम भी बनो गुणवान

कथावार्ता
अशोक जोशी

रविवार की सुबह पंडित रघुनाथ शर्मा जी नहा धोकर, पूजा-पाठ करके कोई धार्मिक पुस्तक पढ़ने बैठे ही थे कि डोर बेल बजी। पंडित जी ने जाकर दरवाजा खोला तो देखा अपार्टमेंट में रहने वाले बच्चों की टोली सामने खड़ी है। इससे पहले कि वह कुछ बोलते, सभी बच्चे एकसाथ बोले, 'पंडित जी प्रणाम!'

'प्रणाम, इतनी सुबह कैसे बच्चों?' पंडित जी ने पूछा।

बल्लू ने आगे बढ़कर बताया, 'इस साल हम अपार्टमेंट में गणेशोत्सव मनाएंगे। क्या आप गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना कर रोज पूजन कर देंगे?'

'अवश्य कर दूंगा, लेकिन बच्चों क्या तुम्हें पता है कि गणेश चतुर्थी कब और क्यों मनाई जाती है?'

'जी नहीं पंडित जी। आप ही हमें बताइए ना!' नन्ही बबली बोली। 'जरूर बताऊंगा।' पंडित जी बबली के सिर पर हाथ फेरते हुए प्यार से बोले। उन्होंने बच्चों को घर के अंदर बुलाकर बैठाया और अपनी पत्नी से सबके लिए नाश्ता लाने को कहा। टेबल पर नाश्ता लगता इससे पहले पंडिज जी ने बताया, 'बच्चों, हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक पूरे देश में गणेशोत्सव मनाया जाता है। महाराष्ट्र समेत तमाम राज्यों में इस पर्व को बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान भगवान गणेश के भक्त उनकी प्रतिमा अपने घर में लेकर आते हैं। दस दिनों तक उनका विशेष पूजन करते हैं। दूब, लड्डू और उनके प्रिय मोदक का भोग लगाते हैं। अनंत चतुर्दशी को धूमधाम से गणपति जी की प्रतिमा का विसर्जन कर दिया जाता है।'

चिंटू ने उत्सुकता से पूछा, 'पंडित जी इस पर्व को इतने धूमधाम से मनाने की शुरुआत कैसे हुई?'

पंडित जी ने इसकी भी जानकारी दी, 'बच्चों, आजादी से पहले हमारे देश में लोग अपने-अपने घरों में ही गणेश जी की पूजा करते थे। उन दिनों हमारे देश में अंग्रेजों का शासन था। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े लोगों को एक जगह एकजुट होने पर पाबंदी लगा रखी थी। तब स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को यह विचार आया कि यदि गणेशोत्सव के बहाने सभी लोगों को एक जगह एकत्रित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जनजागरण फैलाया जाए तो अंग्रेज विरोध भी नहीं कर पाएंगे और स्वतंत्रता संग्राम को एक गति भी मिल जाएगी। यह सोचकर उन्होंने 1893 से सार्वजनिक गणेशोत्सव की शुरुआत कर लोगों को आजादी के लिए प्रेरित किया।'



'पंडित जी, आपने हमें बहुत अच्छे से गणेशोत्सव के बारे में बताया। यह बात हम सबको जरूर जाननी चाहिए।' बच्चे बोले।

'बच्चों, तुम्हें एक बात और बताना चाहूंगा कि गणेश जी न केवल सुख-समृद्धि के दाता हैं, वे बुद्धि के भी देवता हैं। वे बहुत दयालु भी हैं। गणेश जी सदैव उन लोगों की सहायता के लिए तैयार रहते हैं, जो संकट में होते हैं। इसीलिए उन्हें विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश जी अपने माता पिता के बहुत बड़े भक्त माने जाते हैं। एक बार देवताओं के बीच यह चर्चा हुई कि देवताओं में प्रथम पूज्य कौन है? भगवान शिव ने उनसे कहा, 'जो सबसे पहले ब्रह्मांड की परिक्रमा कर मेरे पास आएगा, वही प्रथम पूज्य होगा। यह बात वहां बैठे भगवान शिव-पार्वती के पुत्र कार्तिकेय और गणेश जी भी सुन रहे थे, इन दोनों ने भी ब्रह्मांड की परिक्रमा लगाने का निर्णय लिया। कार्तिकेय अपनी सुंदर सवारी मोर पर बैठकर ब्रह्मांड की परिक्रमा करने निकल पड़े। दयालु गणेश जी ने सोचा कि वह अपने वाहन नन्हे से चूहे पर सवार होकर ब्रह्मांड की परिक्रमा कैसे करेंगे? गणेश जी ने बुद्धि से काम लिया। उन्होंने अपने माता-पिता की परिक्रमा की और उनके सामने हाथ जोड़कर खड़े हो गए। शिव-पार्वती ने गणेश जी से ऐसा करने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि उनका संपूर्ण संसार तो स्वयं उनके माता-पिता हैं। इसलिए उन्हें ब्रह्मांड की परिक्रमा लगाने की आवश्यकता नहीं है। यह सुनकर शिव-पार्वती बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने गणेश जी को प्रथम पूज्य होने का वरदान दिया। बच्चों, तुम सभी गणेश जी की ही तरह गुणवान बनो। अपने माता-पिता और बड़ों का सम्मान करो। संकट में घिरे लोगों की मदद करो। साथ ही सभी जीवों के प्रति दया का भाव रखो। इस भाव के कारण गणेश जी ने अपना वाहन चूहा चुना था ताकि जगत में छोटे से छोटे जीव को महत्व मिले।' पंडित जी ने अपनी बात पूरी की।

'जी पंडित जी, हम सभी अपने माता-पिता का आदर करेंगे और नन्हे जीवों पर दया भी करेंगे। आप गणेश जी की प्रतिमा स्थापना के साथ नित्य पूजन के लिए अवश्य आइएगा।' बच्चों ने एक बार और आग्रह किया। पंडित जी ने भी आश्वस्त किया, 'हां बच्चों मैं गणेश जी की स्थापना के साथ नित्य पूजन के लिए भी आऊंगा।' बच्चे यह सुनकर खुशी से एकसाथ जोर से बोले 'गणपति बप्पा मोरया' और गणेशोत्सव की तैयारी करने चले गए। *

कविता
नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## जय-जय श्री गणेश




प्रथम पूजित देवता,
ऋद्धि-सिद्धि गणेश।
गौरी-शंकर मात-पिता,
कृपा करें विशेष।
ज्ञान, ध्यान और मान का,
दो हमको वरदान।
सभी मनोरथ पूर्ण हों,
सबका हो कल्याण।

सदा विराजो दाहिने,
देकर बुद्धि विवेक।
सदाचारी-सद् व्यवहारी,
बन जाएं हम नेक।
दुःख, दारिद्रय, दीनता,
भागें सभी क्लेश।
मोदकप्रिय, गजवदन,
जय जय श्री गणेश।

यह भी जानो

## ऐसे दिखते हैं अलग-अलग रंग



बच्चों, अगर सफेद रोशनी कांच के ठोस प्रिज्म से होकर गुजरे तो लाल, नारंगी, पीला, हरा, आसमानी, नीला और बैंगनी रंग दिखाई देंगे। तुम सोच रहे होगे कि सफेद लाइट से इतने रंग कैसे दिखने लगेंगे? दरअसल, सूरज की लाइट या किसी भी अन्य अति गर्म स्रोत से जो लाइट आती है, वो वाइट लाइट वास्तव में सभी रंगों की लाइट का मिश्रण होती है।

अब तुम सोच रहे होगे कि ये अलग-अलग रंग कैसे दिखते हैं? दरअसल, अलग-अलग रंग लाइट की वेवलेंथ से तय होते हैं। तुमने पानी में लहरों को उठते हुए देखा होगा। लहर पहले ऊपर को जाती है फिर नीचे को आती है। लहरों के दो उठानों के बीच जो फासला होता है, उसे वेवलेंथ कहते हैं। इसी तरह लाइट की वेवलेंथ होती है लेकिन वो इतनी छोटी होती हैं कि उन्हें मिलीमीटर के भी मिलियन हिस्से में मापा जाता है।

दिखाई देने वाली सबसे छोटी वेवलेंथ बैंगनी और सबसे लंबी वेवलेंथ लाल होती है। अन्य रंग अनेक वेवलेंथ का मिश्रण होते हैं। जैसे- लाल और नीले रंगों के मिश्रण से बैंगनी रंग बनता है। भूरा रंग, लाल-नारंगी और पीले का मिश्रण होता है।

तुम्हारे मन में अब यह सवाल आ रहा होगा कि रोशनी में वस्तुएं अलग-अलग रंगों की क्यों दिखाई पड़ती हैं? जब वाइट लाइट किसी भी चीज पर पड़ती है तो कुछ वेवलेंथ रिफलेक्ट होती हैं और बाकी वो चीज अपने भीतर अवशोषित कर लेती है। जिस वेवलेंथ को वस्तु रिफलेक्ट कर देता है, वो वस्तु उसी रंग की दिखने लगती है। जैसे, लाल वस्तु केवल लाल रंग की वेवलेंथ को छोड़कर लगभग सभी वेवलेंथ को अपने में सोख लेता है। इसलिए वो लाल दिखाई देता है। *

-नयनतारा

क्या तुम जानते हो

## कैसे पता करते हैं किसी प्राचीन वस्तु की आयु



बच्चों, डायनासोर जैसे प्राचीन जंतु या किसी अन्य प्राचीन वस्तु के अवशेष कितने पुराने हैं, इसकी जानकारी के लिए कार्बन-14 डेटिंग विधि को अपनाया जाता है। दरअसल, सभी जीवों में कार्बन तत्व होता है। उनमें बहुत सूक्ष्म मात्रा में कार्बन-14 भी होता है, जो रेडियोएक्टिव कार्बन होता है। कार्बन-14 से वैज्ञानिक हर उस वस्तु की आयु निर्धारित कर सकते हैं, जो कभी जीवित थी। इस विधि को रेडियो कार्बन डेटिंग कहते हैं। जिस दर से एक रेडियोएक्टिव एलिमेंट टूटता है, उसे उसका आधा-जीवन कहते हैं। एक एलिमेंट का आधा-जीवन वह समय होता है, जिसमें एलिमेंट के आधे एटम टूट जाते हैं। कार्बन-14 का आधा-जीवन लगभग 5,500 वर्ष होता है। इसका अर्थ यह हुआ कि किसी पौधे या जंतु के मरने के लगभग 5,500 वर्ष बाद उसमें कार्बन-14 एटम्स, जितने उसकी मृत्यु के समय मौजूद थे उससे, आधे रह जाते हैं। बच्चों, मान लो कि किसी प्राचीन स्थान में किसी पेड़ का पुराना टुकड़ा मिलता है। वैज्ञानिक सैंपल में मौजूद कार्बन-14 की मात्रा जान लेते हैं। अब वैज्ञानिक यह तो जानते ही हैं कि जीवित पेड़ की समान मात्रा की लकड़ी में कितना कार्बन-14 होता है। इस तरह प्राचीन सैंपल में जितना कार्बन-14 रह जाता है, उससे वैज्ञानिक उसकी आयु का अनुमान लगा लेते हैं। *

-एनटी

कहानी
पवन कुमार वर्मा

उस दिन मोनू का मन स्कूल जाने का नहीं हुआ। स्कूल बस चली जाए, इसलिए वह घर से ना निकलने के बहाने पर बहाने बनाता रहा। लेकिन मम्मी उसे स्कूल जाने के लिए जोर देती रहीं। मम्मी क्या मोनू के बहाने को समझ सकीं, वह स्कूल गया या घर में ही बैठा रहा?

## बहाने पर बहाना



सोनू-मोनू जुड़वे भाई हैं। उनके काम करने के तरीके अलग-अलग हैं। सोनू सीधा काम करता है, वहीं मोनू उल्टा। आज मोनू स्कूल नहीं जाना चाहता है। उसने सोचा, 'रोज तो स्कूल जाता ही हूं, एक दिन नहीं जाऊंगा तो क्या हो जाएगा?'

'भाई, आज स्कूल जाने का मन नहीं है।' सोनू से मोनू बोला।

'मैं जान सकता हूं क्यों?' सोनू ने उसे घूरते हुए सवाल किया।

'बस, ऐसे ही..।' मोनू मुस्कुरा कर बोला।

'यह तो गलत बात है।' सोनू ने कहा।

'हां, जानता हूं गलत है।' मोनू बोला।

'अरे, तुम दोनों अभी उठे नहीं!' तभी मम्मी उनके कमरे में आ गईं। मम्मी की आवाज सुनते ही दोनों उठ गए। स्कूल की तैयारी में जुट गए।

मोनू को तैयार होता देख सोनू ने उससे पूछा, 'तुमने तो आज नहीं जाने की बात कही थी फिर स्कूल की तैयारी क्यों?'

मोनू ने कोई जबाब नहीं दिया, बस स्कूल जाने की तैयारी में लगा रहा।

'चलो, डाइनिंग टेबल पर आ जाओ, नाश्ता रख दिया है।' मम्मी ने आवाज लगाई। 'अरे वाह मम्मी! आज आपने पूड़ियां बनाई हैं। मुझे पूड़ी-सब्जी बहुत पसंद है।' मोनू ने अपना नाश्ता शुरू किया। तभी बाहर से स्कूल बस वाले अंकल ने हॉर्न बजाया।

'सोनू-मोनू, जल्दी करो। स्कूल बस आ गई है।' मम्मी बोलीं।

'मैंने नाश्ता कर लिया, मैं जा रहा हूं।' सोनू स्कूल बस में जाने के लिए बाहर निकल गया, लेकिन मोनू टेबल पर डटा रहा। 'मोनू, जल्दी करो बेटा। स्कूल बस आ गई है।' मम्मी मोनू से बोलीं।

'मम्मी, दो पूड़ियां और दे दो। उसके बाद मैं उठ जाऊंगा।' मोनू ने विनती की।

मम्मी उसे दो पूड़ियां देकर बोलीं, 'बेटा, जल्दी-जल्दी खाओ और उठो। बस वाले अंकल चले जाएंगे।' मोनू उन पूड़ियों का आनंद लेने लगा। तभी बस वाले ने फिर से हॉर्न बजाया।

'मोनू, जल्दी करो बेटा। बस चली जाएगी।' मम्मी ने गुस्से में मोनू को उठाने की कोशिश की।

'मम्मी, आपको तो पता है न, पूड़ियां मुझे कितनी पसंद हैं? बस दो और दे दो। फिर मैं उठ जाऊंगा।' मोनू मम्मी से विनती करते हुए बोला।

'यह तुम्हें आज क्या हो गया है?' मम्मी नाराज हुईं।

'बस, दो पूड़ियां और मम्मी..।' मोनू मम्मी की ओर देखकर बोला।

मम्मी ने मोनू को दो और पूड़ियां दे दीं। लेकिन मम्मी समझ गईं कि कुछ तो गड़बड़ है। मोनू जान-बूझकर ऐसा कर रहा है। लगता है वह स्कूल नहीं जाना चाहता। दो और पूड़ियां उसके प्लेट में डाल कर मम्मी बाहर की ओर चली गईं।

'मोनू बेटा, लगता है बस वाले अंकल चले गए।' मम्मी बाहर से अंदर आकर बोलीं।

'सचमुच मम्मी..!' मोनू चहकता हुआ बोला। उसने झटपट अपने हाथ धोए और बाहर की ओर दौड़ पड़ा। लेकिन यह क्या? बाहर तो बस अब भी खड़ी थी।

'मैं तुम्हारी शरारत समझ गई थी। चलो... अपना बैग उठाओ।' मम्मी हंसते हुए बोलीं।

मोनू की हालत देखकर सोनू भी हंसने लगा। मोनू की योजना असफल हो गई। मोनू ने अपना बैग उठाया और बाहर की ओर चल पड़ा। सभी बच्चे मोनू पर हंस रहे थे। लेकिन बस के पास पहुंच कर मोनू अचानक रुक गया।

'मम्मी, एक मिनट मेरा बैग पकड़िए।' उसने अपना बैग मम्मी को पकड़ाते हुए कहा। 'अब क्या हुआ?' मम्मी चौंकीं।

'वो मम्मी, मैंने पूड़ियां कुछ ज्यादा ही खा ली हैं। पेट में गुड़-गुड़ हो रही है। मैं अभी आता हूं।' मोनू तेजी से घर के अंदर की ओर भागा और बाथरूम में घुस गया।

'अब मैं नहीं रुक सकता।' इतना कहकर बस वाला चला गया। मम्मी बस को जाते देखती रह गईं। लेकिन वह कर भी क्या सकती थीं? आखिर कितनी देर बस वाले अंकल रुकते।

'चलो मोनू, बाहर निकलो। बस वाले अंकल गए।' मम्मी इस बार गुस्से में बोलीं।

'सचमुच! आप इस बार भी तो झूठ नहीं बोल रही हैं मम्मी! आज मेरा स्कूल जाने का मन नहीं है। इस कारण मैं यह सब कर रहा था। मम्मी, मुझे माफ कर दीजिए।' मोनू बाथरूम के अंदर से बोला।

'स्कूल नहीं जाना अच्छी बात तो नहीं है, लेकिन आगे से यह सब मत करना।' मम्मी ने हल्के कड़े शब्दों में आगाह किया। 'नहीं...नहीं...कभी नहीं, मम्मी।' मोनू बाथरूम से बाहर आकर बोला। *

## जीके क्विज-71



1. भारत में आयोजित हुए जी-20 देशों के मुख्य सम्मेलन की थीम क्या थी?
2. देश की पहली सोलर सिटी का क्या नाम है?
3. पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी का नाम क्या है?
4. भारतीय मूल के ब्रिटिश पीएम का क्या नाम है?
5. इस समय भारत के विदेश मंत्री कौन हैं?
6. हर वर्ष वर्ल्ड राइनो-डे कब मनाया जाता है?
7. निमोनिया रोग मानव शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है?
8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?
9. भारत का कौन-सा राज्य 'टाइगर राज्य' के नाम से जाना जाता है ?
10. आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप कितने सालों के अंतर पर आयोजित होता है?

बच्चों, जीके क्विज-71 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-70 का उत्तर :** 1-आदित्य एल1 मिशन, 2-नई दिल्ली, 3-कबड्डी, 4-शुतुरमुर्ग, 5-ग्रेट वाल ऑफ चाइना, 6-असम, 7-गोल गुंबद, 8-महाराणा प्रताप, 9-महात्मा गांधी, 10-नर्मदा नदी

**जीके क्विज-70 का सही उत्तर देने वाले :** नेहा-बिलासपुर, अभय-बिलासपुर, पुष्पलता-मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, सुमित-रायपुर, देवांशु-विदिशा, जतिन-कटनी, हरीश-महेंद्रगढ़, अन्नू-विराट, दीपिका-दिल्ली

## बूझो तो जानें



1
लोहा खींचू ऐसी है ताकत,
रबड़ नहीं खींच पाता हूं।
मेरे संग बच्चे खेलें खेल,
कई रूपों में मिलता हूं।

2
आंखें हैं पर देख नहीं सकती,
पैर हैं पर चल नहीं सकती।
मुंह है पर चुप रहती हूं,
बताओ मैं कहलाती हूं?

3
हमको जगह-जगह घुमाती,
लौहपथ पर चलती जाती।
सामने जो आ जाए कोई,
बहुत जोर से सीटी बजाती।

उत्तर: 1-चुंबक, 2-गुड़िया खिलौना, 3-रेल

## रास्ता खोजो

बच्चों, गप्पा को स्कूल जाने में देरी हो रही थी तो उसने शॉर्टकट रास्ते से जाने का फैसला किया। लेकिन कुछ दूर चलकर वह स्कूल का रास्ता भटक गया है। तुम स्कूल तक पहुंचने में गप्पा की मदद तो करो जरा।




## रंग भरो 134



बच्चों, यहां पर एक चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपना होम वर्क पूरा करता दिखाई दे रहा है। इस चित्र को मनचाहे प्यारे रंगों से रंगकर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-133

**रंग भरो-133** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**देव्यांश, रायपुर**



अंशिका, रायगढ़



देविक, रोहतक



पलक, धमतरी



राजनंदनी, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा



पविका, राजनांदगांव